दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 111 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | बुधवार, 26 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष षष्ठी संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# अयोध्या राम मंदिर पर फहराई धर्मध्वजा





## धर्मध्वजा भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक, सदियों का संकल्प आज हुआ सिद्ध : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

**अयोध्या ( एजेंसी )।** अयोध्या के राम मंदिर में ध्वजारोहण संपन्न हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धर्मध्वजा फहराई। इस दौरान उनके साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक सेवक संघ के सरसंचालक मोहन भागवत और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहे। ध्वजारोहण के बाद पीएम मोदी ने रामभक्तों को संबोधित किया।

### पीएम मोदी ने कहा- 'आज संपूर्ण भारत, संपूर्ण विश्व राममय'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामभक्तों को संबोधित करते हुए कहा, आज संपूर्ण भारत, संपूर्ण विश्व राममय है। हर रामभक्त के हृदय में अद्वितीय संतोष, असीम कृतज्ञता, अपार अलौकिक आनंद है। सदियों के घाव भर रहे हैं। सदियों की वेदना आज विराम पा रही है। सदियों का संकल्प आज सिद्धि को प्राप्त हो रहा है। आज उस यज्ञ की पूर्णावती है, जिसकी अग्नि 500 वर्ष तक प्रवलित रही। जो यज्ञ एक पल भी आस्था से डिगा नहीं, एक पल भी विश्वास से टूटा नहीं।'

### यह धर्म ध्वजा भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज'

उन्होंने कहा, यह धर्म ध्वजा केवल एक ध्वजा नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज है। इसका भगवा रंग, सूर्यवंश की ख्याति, वर्णित ओम शब्द और अंकित कोविदार वृक्ष, रामराज्य की कृति को दिखाता है। यह ध्वज, संकल्प, सफलता, संघर्ष से सृजन और सदियों से चले आ रहे सपनों का साकार रूप है। यह संतों की साधना और समाज की सहभागिता की सार्थक परिणति है। आने वाली सदियां और कई शताब्दियों तक प्रभु श्रीराम के आदर्शों और सिद्धांतों का उद्घोष करेगा।

### यह धर्म ध्वज 'प्राण जाय पर वचन नहीं जाए' के वचन की प्रेरणा बनेगा

**पीएम मोदी ने कहा, यह ध्वज सत्यमेव जयते का आह्वान करेगा। यह धर्म ध्वज उद्घोष करेगा कि सत्य में ही धर्म स्थापित है। यह 'प्राण जाय पर वचन नहीं जाए' के वचन की प्रेरणा बनेगा। यह संदेश देगा कि विश्व में कर्म और कर्तव्य की प्रधानता हो। यह प्रार्थना करेगा कि भेदभाव, पीड़ा, परेशानी से मुक्ति और समाज में शांति और सुख हो। हम ऐसा समाज बनाएं, जहां गरीबी न हो और कोई दुखी न हो।**

**'यह ध्वज दूर से ही रामलला के जन्मभूमि के दर्शन कराएगा'**-जो लोग किसी कारण मंदिर नहीं आ पाते और दूर से ध्वज को प्रणाम करते हैं, उन्हें भी उतना ही पुण्य मिलता है। यह ध्वज दूर से ही रामलला के जन्मभूमि के दर्शन कराएगा। विश्व के करोड़ों राम भक्तों को इस क्षण की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।



## योगी बोले- पीढ़ियों की प्रतीक्षा साकार हुई

सीएम योगी ने कहा कि ध्वजारोहण यज्ञ की पूर्णाहुति नहीं, बल्कि नए युग का शुभारंभ है। भाजपा सरकार बनने पर 2014 में जिस संभावना, संकल्प और विश्वास का सूर्योदय हुआ, आज वही तपस्या और अनगिनत पीढ़ियों की प्रतीक्षा साकार हुई। श्रीराम मंदिर पर फहराता केसरिया ध्वज धर्म, मर्यादा, सत्य-न्याय और राष्ट्रधर्म का भी प्रतीक है। संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। सभी ने 11 वर्षों में बदलते भारत को देखा है। 500 वर्षों में साम्राज्य बदले, पीढ़ियां बदलीं, लेकिन आस्था अडिग रही। आस्था न झुकी, न रुकी। जन-जन का विश्वास अटल था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन के हाथों में कमान आई तो हर मुंह से एक ही उद्घोष निकलता था- रामलला हम आएंगे,



मंदिर वहीं बनाएंगे। लाठी-गोली खाएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे।' एक समय था, जब वैभवशाली अयोध्या संघर्ष और बदहाली का शिकार बन चुकी थी, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में अयोध्या उत्सवों की वैश्विक राजधानी बन रही है। यहां हर दिन पर्व है, हर दान प्रताप है और हर दिशा में रामराज्य की पुनर्स्थापना की दिव्य अनुभूति हो रही है।

## भागवत बोले- जिन्होंने प्राण अर्पण किए, आज उनकी आत्मा तृप्त हुई



**आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा- राम मंदिर आंदोलन में लोगों ने अपने प्राण अर्पण किए। आज उनकी आत्मा तृप्त हुई होगी। आज वास्तव में अशोक जी को वहां शांति मिली होगी। उन्होंने अपने प्राण अर्पण किए और अपना पसीना बहाया। जो पीछे रहे, वे भी मन में इच्छा करते रहे कि मंदिर बनेगा और आज मंदिर निर्माण की शास्त्रीय प्रक्रिया पूर्ण हो गई।**

**ध्वजारोहण हो गयाञ्ज हमने इसे अपनी आंखों से देखा है। रथ चलाने के लिए सात-सात घोड़े हैं, उन्हें नियंत्रित करने के लिए लगाम है। रस्सा नहीं है, सारथी नहीं है तो ऐसी गाड़ी नहीं चल सकती। शांति बांटने वाला भारतवर्ष खड़ा करना है.. यही विश्व की अपेक्षा है।**



## कर संग्रहण राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : राष्ट्रपति



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय राजस्व सेवा (कस्टम्स एवं अप्रत्यक्ष कर) के 76वें बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में भेंट की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि कर संग्रहण राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है और राजस्व सेवा अधिकारी देश की आर्थिक सीमाओं के सजग प्रहरी हैं। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कर से प्राप्त राजस्व से देश में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित होती हैं। ऐसे में अधिकारी केवल प्रशासनिक भूमिका ही नहीं निभाते, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार भी होते हैं।

## 'अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग'

### चीन में भारतीय महिला को परेशान करने पर केंद्र का बड़ा बयान

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ब्रिटेन में 14 वर्षों से रह रही भारतीय मूल की एक महिला को शंघाई एयरपोर्ट पर परेशान किया और उसका जन्मस्थान अरुणाचल प्रदेश होने के कारण चीनी आव्रजन अधिकारियों ने उसे 18 घंटे हिरासत में रखा। वहीं, भारत का कहना है कि जिस आधार पर भारतीय मूल की महिला को चीन में रोका गया, वह काफी हास्यास्पद है।

**भारत ने स्पष्ट शब्दों में कही ये बात**-भारत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। इसके निवासियों को भारतीय पासपोर्ट रखने और उन्हें इसके साथ



कहीं भी यात्रा करने का पूर्ण अधिकार है।

भारत ने यह भी याद दिलाया है कि चीनी अधिकारियों का यह कृत्य शिकागोकन्वेंशन और मान्ट्रियालकन्वेंशन जैसे अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन समझौतों का स्पष्ट उल्लंघन है।

यह पहला मौका नहीं है कि जब चीन ने अरुणाचल प्रदेश के भारतीय नागरिकों को इस तरह परेशान किया है। पूर्व में चीन सरकार ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय आयोजन में हिस्सा लेने के लिए वीजा नहीं दिया था।






## अंता-उपचुनाव जीते कांग्रेस विधायक को स्पीकर ने दिलाई शपथ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बारां जिले के अंता से उपचुनाव में जीते प्रमोद जैन भाया ने आज विधायक पद की शपथ ली। भाया को विधानसभा में स्पीकर वासुदेव देवनानी ने अपने चैंबर में शपथ दिलाई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, कांग्रेस सचेतक रफीक खान और कई विधायक मौजूद रहे। अंता विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया ने बीजेपी उम्मीदवार मोरपाल सुमन को हराया। निर्दलीय नरेश मीणा मामूली अंतर से तीसरे स्थान पर रहे। विधानसभा में कांग्रेस के अब 65 विधायक हो गए हैं। अंता सीट पर 2023 के चुनावों में वसुंधरा राजे समर्थक कंवरलाल मीणा विधायक का चुनाव जीते थे, लेकिन कंवर लाल को एसडीएम पर पिस्टल तानने के 20 साल पुराने मामले में सजा हो गई थी। 1 मई को हाईकोर्ट ने सजा बरकरार रखने का आदेश देने के बाद कंवर लाल की विधायकी चली गई, जिसके बाद 11 नवंबर को अंता सीट पर उपचुनाव हुए।

**शपथ के बाद अब विधानसभा में सवाल लगा सकेंगे**-विधायक की शपथ लेने के बाद ही विधानसभा में विधायक के तौर पर सवाल लगाने, मुद्दे उठाने से लेकर विधायक के तौर पर मिलने वाले लाभ मिलते हैं। कई बार उपचुनाव में जीते हुए विधायक विधानसभा सत्र के दौरान शपथ लेते रहे हैं, लेकिन कुछ मौकों पर विधानसभा स्पीकर अपने चैंबर में ही शपथ दिला देते हैं। विधानसभा में विधायक के तौर पर शपथ लेते ही भाया अब विधानसभा से विधायक को मिलने वाली सभी सुविधाओं और विशेषाधिकार के हकदार हो गए हैं।

## सम्पादकीय

# राष्ट्रीय चेतना का आरोहण, राम मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा की स्थापना

अयोध्या में राम मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा की स्थापना केवल इस मंदिर के निर्माण की पूर्णता का ही परिचायक नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना का उद्घोष भी है। इस आयोजन के साथ पांच सदी पुराने एक संघर्ष का समापन हुआ। भगवान राम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर के निर्माण की अभिलाषा पूरी होने में इसलिए अधिक समय लगा, क्योंकि स्वतंत्रता के बाद जिस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए थी, उसे संकीर्ण राजनीतिक कारणों से अनदेखा किया गया। किसी भी स्वाभिमानी राष्ट्र का पहला दायित्व होता है स्वतंत्र होते ही परतंत्रता के चिह्नों को मिटाना। विश्व के अनेक देशों ने ऐसा ही किया। इस मामले में पोलैंड की ओर से रूसी साम्राज्य की ओर से बनवाए गए आर्थोडाक्स चर्च को ढहाए जाने का निर्णय एक मिसाल है, लेकिन भारत छद्म पंथनिरपेक्षता और सांस्कृतिक विरासत के प्रति गौरव भाव के अभाव के चलते ऐसी मिसाल कायम करने से पीछे हट गया। होना तो यह चाहिए था कि जैसे सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया, वैसे ही अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के साथ ही काशी और मथुरा के मंदिरों को भी मुक्त कराया जाता। यदि अयोध्या में सदियों की प्रतीक्षा के बाद राम मंदिर का निर्माण हो सका तो केवल इसलिए नहीं कि अंततः न्यायपालिका ने इस विवाद का निपटारा करने का फैसला किया। न्यायपालिका इस विवाद का निपटारा इसलिए कर सकी, क्योंकि मोदी सरकार ने अनुकूल परिस्थितियां पैदा कीं। इसके विपरीत पहले की अधिकांश सरकारों ने ऐसी परिस्थितियों का निर्माण करने के बजाय ऐसे प्रयत्न अधिक किए कि इस विवाद का समाधान ही न हो सके। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि तब सुप्रीम कोर्ट ने भी अयोध्या विवाद पर राष्ट्रपति की ओर से संदर्भित प्रश्न का संज्ञान लेने से मना कर दिया था। यह सब संकीर्ण राजनीति के साथ मैकाले की शिक्षा पद्धति से उपजी उस मानसिकता के चलते भी हुआ, जिससे मुक्ति की आवश्यकता प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में भी जताई। वे इसके पहले भी गुलामी वाली इस मानसिकता के समूल नाश की आवश्यकता रेखांकित कर चुके हैं। मैकाले की शिक्षा पद्धति से उपजी मानसिकता ने भारतीय समाज को उसकी समृद्ध सांस्कृतिक चेतना से विमुख तो किया ही, अपनी विरासत को हीन समझने का आत्मघाती भाव भी पैदा किया। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि अगले दस वर्षों में इस मानसिकता से मुक्ति पा ली जाए, लेकिन यह आसान



कार्य नहीं। इसके लिए उस शिक्षा व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन करना होगा, जिसमें मैकाले काल की शिक्षा के अवशेष अब भी दिखते हैं और जिसके चलते अपनी संस्कृति और विरासत पर गर्व करने में संकोच किया जाता है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 26 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1667- रूस के उत्तरी कॉकसस क्षेत्र के सेमाखा में आये विनाशकारी भूकंप में 80 हजार लोग मारे गये।
- 1744 - आस्ट्रिया की सेना ने पराग्वे के यहूदियों के खिलाफ जान लेवा हमले किये और लूटपाट की।
- 1758 - ब्रिटेन ने फ्रांस के ड्यूक्वीसन किले पर क़ब्ज़ा किया।
- 1866 - इलाहाबाद उच्च न्यायालय का उद्घाटन।
- 1867- अल्फ्रेड नोबल ने डायनामाइट का पेटेंट कराया।
- 1930 - जापान में एक ही दिन में भूकंप के 690 झटके रिकार्ड किये गये।
- 1936 - जर्मनी और जापान के बीच कोमिंटन (कम्युनिस्ट इंटरनेशनल) विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1937- फ्रांस की राजधानी पेरिस में विश्व मेले का समापन।
- 1948 - भारत में राष्ट्रीय कैडेट कोर की स्थापना हुई।
- 1949 - स्वतंत्र भारत के संविधान पर संवैधानिक समिति के अध्यक्ष ने हस्ताक्षर किये तथा इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया।
- 1951 - अमेरिकी प्रान्त अल्बामा में ट्रेन दुर्घटना में 17 लोगों की मौत।
- 1952 - जार्ज मेनाय आस्ट्रेलियन फुटबाल लीग के अध्यक्ष चुने गये।
- 1960 - टेलीफ़ोन की एसटीडी व्यवस्था का भारत में पहली बार कानपुर और लखनऊ के बीच प्रयोग किया गया।
- 1974 - संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व महासचिव ऊ थांट का बर्मा में निधन।
- 1998 - पाकिस्तान ने अंधेरे में भी प्रहार कर सकने में सक्षम 'भक्तर शिकन' नामक नव विकसित टैंक-भेदी प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया।
- 2001 - 'अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद' (आई.सी.सी.) ने भारत को निलंबन की धमकी दी, बेनजीर भुट्टो नई दिल्ली में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से मिलीं।

## विशेष आलेख

# संविधानः लोकतंत्र की आत्मा और सुशासन का आधार



ललित गर्ग



संविधान किसी भी राष्ट्र का चरित्र, मर्यादा और दिशा निर्धारित करता है। यह केवल विधिक दस्तावेज नहीं होता, बल्कि एक जीवंत मूल्य-व्यवस्था होती है जो राष्ट्र की आत्मा को परिभाषित करती है। संविधान दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र की स्थिरता, एकता और प्रगति का आधार हमारे संविधान की दूरदर्शिता, उदारता और संतुलन है। इसलिए किसी भी राष्ट्र में सुशासन की पहली और अनिवार्य शर्त यही है कि संविधान सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहे, केवल शासन के लिए ही नहीं, बल्कि नागरिक जीवन के हर व्यवहार, आचरण और विचार में भी। भारत गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ॰ भीमराव आंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 से भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में हर वर्ष मनाया जा रहा है। इससे पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया और 26 जनवरी 1950 से संविधान अमल में लाया गया। भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता, सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया। भारत का संविधान दुनिया के सबसे विस्तृत एवं आधुनिक संविधानों में माना जाता है। यह हमें केवल अधिकार ही नहीं देता, बल्कि कर्तव्यों की भावना भी जगाता है। यह हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रता से सज्जित करता है, साथ ही यह भी बताता है कि इन आदर्शों को जीवित रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जब किसी राष्ट्र में संविधान की अवहेलना शुरू होती है, तब लोकतंत्र डगमगाने लगता है। इसलिए संविधान का सम्मान करना एक विधिक प्रक्रिया का पालन मात्र नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र की बुनियाद है। आज संविधान दिवस पर यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि संविधान की प्रासंगिकता आज भी उतनी ही दृढ़ता से बनी हुई है या नहीं? उत्तर स्पष्ट है-हाँ, क्योंकि हमारा समाज परिवर्तनशील है, चुनौतियाँ बदलती हैं, लेकिन न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे मूल आदर्श समय से परे हैं। संविधान की उपयोगिता तभी सिद्ध होती है जब शासनकर्ता उसे सर्वोपरि मानें और नागरिक उसे जीवन का नैतिक मार्गदर्शक बनाएं। इसी संदर्भ में यह भी विचारणीय है कि संविधान को केवल हाथ में लेकर जगह-जगह प्रदर्शन करना, जैसाकि कुछ राजनीतिक नेता, विशेषकर राहुल गांधी, करते हैं, क्या सचमुच संविधान के सम्मान का प्रतीक है? संविधान की प्रति का सार्वजनिक प्रदर्शन तब सार्थक होता है जब उसके मूल्यों को जीवन में उतारा जाए, उसके अनुच्छेदों का पालन किया जाए, उसके प्रति संयम, गरिमा और श्रद्धा रखी जाए। संविधान को राजनीतिक हथियार बनाकर भीड़ भावनाओं को उकसाने का प्रयास, संविधान की आत्मा के विरुद्ध है। संविधान को मंचों पर लहराना सम्मान नहीं, बल्कि उसकी गंभीरता का अवमूल्यन है। संविधान कोई राजनीतिक पोस्टर या प्रदर्शन की वस्तु नहीं, वह राष्ट्र की मर्यादा का दस्तावेज है, जिसे विवेक, संयम और ईमानदारी से समझने एवं पालन करने की आवश्यकता होती है। संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का दृष्टिकोण भी यही रहा कि संविधान तभी सफल होगा जब उसके अनुयायी चरित्रवान, प्रतिबद्ध और राष्ट्रहित साधक हों। बाबा साहेब ने कहा था-"संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, यदि उसे चलाने वाले अच्छे नहीं होंगे तो वह खराब सिद्ध होगा।" उनका यह चिंतन आज सबसे अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने संविधान को बनाया, पर उससे भी अधिक उन्होंने एक नैतिक चेतना जागृत की कि संविधान की शक्ति उसके लेखों में नहीं, बल्कि उस नागरिक चेतना में है जो उसे पालन करने के लिए तैयार रहती है। अंबेडकर का यह भी आग्रह था कि संविधान को केवल राजनीतिक बहस का साधन न बनाया जाए, बल्कि समाज सुधार और मनुष्य निर्माण की दिशा में उसका प्रयोग हो। उनके अनुसार संविधान को समझना यानी भारतीय समाज की आत्मा को समझना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संविधान को सर्वोच्च सम्मान देते हुए उसे शासन का आधारस्तंभ बनाया है। वे बार-बार कहते रहे हैं कि "संविधान हमारी शासन-व्यवस्था का पवित्र ग्रंथ है।" उनकी दृष्टि में संविधान केवल कानूनों का संग्रह नहीं बल्कि अच्छे शासन, सामाजिक विश्वास और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। संसद के आरंभिक सत्र हों, प्रमुख राष्ट्रीय अवसर हों या आम जनता से संवाद, हर बार उन्होंने संविधान को सर्वोच्च स्थान दिया है। उन्होंने यह भी कहा है कि "संविधान का पालन करना केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च रूप है।" उनकी सरकार की प्राथमिकता यही रही है कि प्रत्येक नीति, प्रत्येक निर्णय और प्रत्येक योजना संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हो। मोदी के नेतृत्व में कई ऐसे प्रयास हुए जिनका उद्देश्य संविधान के प्रति जन-जागरण बढ़ाना था।

# परिवारवाद का लोकतंत्र और लोकतंत्र का परिवारवाद



अनुराग शुक्ला

*देश के एक बड़े मीडिया हाउस ने उत्तर प्रदेश की राजनीति के पुरोधा रहे नेताजी मुलायम सिंह यादव को लेकर एक स्टोरी की। अतिउत्साह में उसका विषयवस्तु और उसमें लगाई गई कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाली तस्वीर ने उत्तर प्रदेश के बहुत बड़े वर्ग का दिल दुखा दिया।*

पत्रकारिता को समकालीन इतिहास माना जा सकता है क्योंकि यह वर्तमान घटनाओं की वास्तविक, तात्कालिक जानकारी और विश्लेषण प्रदान करती है, जिसे भविष्य के इतिहासकार हमारे युग को समझने के लिए उपयोग करेंगे। इतिहास हमेशा सुखद हो ये जरुरी नहीं, कुछ ऐतिहासिक गलतियां भी इतिहास का अंग बन जाती हैं। 19 नवंबर, 2025 का दिन कई मायनों में इसका उदाहरण था। देश के एक बड़े मीडिया हाउस ने उत्तर प्रदेश की राजनीति के पुरोधा रहे नेताजी मुलायम सिंह यादव को लेकर एक स्टोरी की। अतिउत्साह में उसका विषयवस्तु और उसमें लगाई गई कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाली तस्वीर ने उत्तर प्रदेश के बहुत बड़े वर्ग का दिल दुखा दिया। मुलायम सिंह यादव की राजनीति में परिवारवाद एक छोटा हिस्सा है, उससे कहीं अहम उनका योगदान एक समुदाय के सशक्तीकरण के तौर पर देखा जा सकता है। मुलायम सिंह के बाद के युग में अब यादव समुदाय का आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक सशक्तीकरण उनकी राजनीति की वो थाती है जिसने यूपी और देश की राजनीति को बदल दिया। लेकिन 19 नवंबर सिर्फ इसी कारण से अहम नहीं था। राजनीतिक दर्शनशास्त्र के लिहाज से यह दिन अहम इसलिए भी था क्योंकि इसी दिन परिवारवाद के पक्ष मे किसी राजनेता ने दलील दी है। अब तक परिवारवाद के दंश से त्रस्त नेता इससे बचते या फिर इसे नज़रअंदाज करते दिखते रहे लेकिन पहली बार सपा के प्रमुख ने परिवारवाद के पक्ष में लंबा चौड़ा ट्वीट किया। अपनी पार्टी के जरिए अपना आधिकारिक बयान जारी किया। उन्होंने लिखा- जो लोग राजनीति को पैसा कमाने की मशीन समझते हैं, उनके मन के अंदर चोर बैठा होता है, इसीलिए वो राजनीति को खराब मानकर अपने परिवार को राजनीति में सामने से नहीं, पिछले दरवाजे से लेकर आते हैं। जो लोग राजनीति के प्रति सकारात्मक सोच रखते हैं और उसे जन सेवा का माध्यम मानते हैं वो ही ज़्यादा से ज्यादा लोगों की भलाई के लक्ष्य से प्रेरित होकर अपने परिवार को संघर्ष के लिए समर्पित कर देते हैं। ये परिवारवाद नहीं, बलिदानवाद होता है क्योंकि उनके परिवारवालों को भी अहंकारी सत्ताओं और वर्चस्ववादी लोगों से लड़ना पड़ता है, हर तकलीफ़ का सामना करना पड़ता है। लोकतंत्र में हर मत का स्वागत है। सवाल परिवारवाद का नहीं है परिवारवाद के अवसरवाद बन जाने का है। दूसरे के अवसर बंद कर देने का है। डॉक्टर का बेटा डॉक्टर बने कोई बात नहीं पर डॉक्टर का बेटा ही डॉक्टर बने ये दिक्कत है। राष्ट्रीय अध्यक्ष का बेटा ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बने तो दिक्कत है। लालू की विरासत रामकृपाल सिंह नहीं मीसा भारती संभाले तो दिक्कत है, उपेंद्र कुशवाहा का बेटा बिना विधायक बने मंत्री बने तो दिक्कत है। राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री की कुर्सी, संगठन का शिखर जब एक ही परिवार के लिए सुरक्षित हो जाए तो दिक्कत है। 95 चुनाव हारने के बाद भी युवराज के साम्राज्य पर उंगली ना उठे तो दिक्कत है। काम के महत्व को नाम बौना कर दे तो दिक्कत है। सत्ताधारी परिवार में सत्ता का संघर्ष इतना बढ जाए कि भरी सभा में मंच पर बोलते बोलते पिता से माइक छीन लिया जाय, चाचा को धक्का दे दिया जाय तो दिक्कत है।

## लघुकथा | बढ़ता राजस्थान

### शेर

मैं तो शहर से या आदमियों से डरकर जंगल इसलिए भागा था कि मेरे सिर पर सींग निकल रहे थे और डर था कि किसी-न-किसी दिन क़साई की नज़र मुझ पर ज़रूर पड़ जाएगी। जंगल में मेरा पहला ही दिन था जब मैंने बरगद के पेड़ के नीचे एक शेर को बैठे हुए देखा। शेर का मुँह खुला हुआ था। शेर का खुला मुँह देखकर मेरा जो हाल होना था वही हुआ, यानी मैं डर के मारे एक झाड़ी के पीछे छिप गया। मैंने देखा कि झाड़ी की ओट भी ग़ज़ब की चीज़ है। अगर झाड़ियाँ न हों तो शेर का मुँह-ही-मुँह हो और फिर उससे बच पाना बहुत कठिन हो जाए। कुछ देर के बाद



मैंने देखा कि जंगल के छोटे-मोटे जानवर एक लाइन से चले आ रहे हैं और शेर के मुँह में घुसते चले जा रहे हैं। शेर बिना हिले-डुले, बिना चबाए, जानवरों को गटकता जा रहा है। यह दृश्य देखकर मैं बेहोश होते-होते बचा। अगले दिन मैंने एक गधा देखा जो लंगड़ाता हुआ शेर के मुँह की तरफ़ चला जा रहा था। मुझे उसकी बेवक़ूफ़ी पर सख़्त ग़ुस्सा आया और मैं उसे समझाने के लिए झाड़ी से निकलकर उसके सामने आया। मैंने उससे पूछा, तुम शेर के मुँह में अपनी इच्छा से क्यों जा रहे हो? उसने कहा, वहाँ हरी घास का एक बहुत बड़ा मैदान है। मैं वहाँ बहुत आराम से रहूँगा और खाने के लिए ख़ूब घास मिलेगी। मैंने कहा, वह शेर का मुँह है। उसने कहा, गधे, वह शेर का मुँह ज़रूर है, पर वहाँ है हरी घास का मैदान। इतना कहकर वह शेर के मुँह के अंदर चला गया। फिर मुझे एक लोमड़ी मिली। मैंने उससे पूछा, "तुम शेर के मुँह में क्यों जा रही हो? उसने कहा, शेर के मुँह के अंदर रोज़गार का दफ़्तर है। मैं वहाँ दरख़्वास्त दूँगी, फिर मुझे नौकरी मिल जाएगी।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# साइनस संक्रमण और सामान्य सर्दी के बीच अंतर क्या है, जानें कैसे मालूम करें

अगर आपकी नाक बह रही हैं और आपको खांसी हैं जिसकी वजह से गले में खराश पैदा हो रही है, तो आपको लगता है कि आपको मामूली सा जुकाम या सर्दी है जो कुछ दवाओं की सहायता से जल्द ही ठीक हो जाएगा। ये कभी-कभी सर्दी और जुकाम की जगह साइनस इंफेक्शन भी हो सकता है, जो दिखता हल्के जुकाम की तरह ही है। जुकाम या सर्दी एक वायरस के कारण होने वाला संक्रमण है जो आपकी नाक और गले सहित आपके ऊपरी श्वसन तंत्र में घर बना लेता है।



200 से अधिक विभिन्न वायरस सर्दी पैदा करने में सक्षम होते हैं, हालांकि ज्यादातर जुकाम और सर्दी होने के पीछे एक खास कसि्म का वायरस कसूरवार होता है जिसे राइनोवायरस कहा जाता है। सर्दी या जुकाम बहुत हल्की हो सकती है कि आपको केवल कुछ दिनों के लिए लक्षण हो सकते हैं, या ज्यादा से ज्यादा हफ्तों तक ये समस्या हो सकती है। चूंकि एक सामान्य सर्दी एक वायरस के कारण होती है, इसलिए इसका एंटीबायोटिक दवाओं से प्रभावी ढंग से इलाज नहीं किया जा सकता है। कुछ दवाएं लक्षणों को कम करने में मदद कर सकती हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपके ऊपर काम का दवाब अधिक रहेगा, लेकिन आपके शत्रु भी आपका काम बिगड़ने की पूरी कोशिश करेंगे। आपकी धार्मिक कामों में भी काफी रुचि रहेगी।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। समाज में आपके अच्छे कामों की सराहना होगी।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। नौकरी बदलने का प्रयास कर रहे लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला रहेगा। पार्टनरशिप में आप कोई व्यवसाय करने की ना सोंचे। यदि आप किसी सरकारी योजना में इन्वेस्टमेंट करने की सोच रहे हैं, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। आप अपने दोस्तों के साथ समय बिताएंगे और अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे। राजनीति से जुड़ा कोई मामला आज सुलझ जाएगा।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। लंबे समय से चली आ रही परेशानी दूर होंगी। आपको अपने गुस्से पर काबू रखना होगा और यदि आपने किसी से कोई वादा किया था।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए इन्कम को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपनी इन्कम के बढ़ने से काफी खुश होंगे। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। कुछ नए लोगों से आपकी जान पहचान बढ़ेगी।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको यदि किसी बात को लेकर कोई समस्या चली आ रही है, तो वह भी दूर होगी। आपके मन में किसी काम को लेकर कोई उलझन है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधानी बरतने के लिए रहेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको कोई जोखिम लेने से बचना होगा। आप किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखें।

**मकर**
आज आपको पारिवारिक जीवन में सफलता मिलेगी। आपको अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई पर पूरा फोकस बनाएंगे।

**कुंभ**
आज आप अपनी जरूरत के हिसाब से खर्च करें, तो बेहतर रहेगा। आप दिखावे के चक्कर में ना पड़ें। आप संतान की करियर से निर्णय ले सकते हैं। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। वैवाहिक जीवन भी आनंदमय रहेगा और आपके चारों ओर का माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी मिलने से काफी खुश होंगे।

## एसआईआर अभियान में गंभीर लापरवाही उजागर जिंदा व्यक्ति को मतदाता सूची में बताया मृत

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ गंगापुरसिटी (राकेश शर्मा)।** राजस्थान में निर्वाचन विभाग की देखरेख में चल रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण



(एसआईआर) अभियान में गंभीर लापरवाही उजागर हुई है। शहर के वार्ड नम्बर 33, नहर रोड निवासी 72 वर्षीय सेवानिवृत्त आयुर्वेद चिकित्साधिकारी और कवि गोपीनाथ पुत्र महेश चंद शर्मा को मतदाता सूची में मृत घोषित कर दिया गया। गोपीनाथ ने बताया कि 16 नवम्बर तक उन्हें एसआईआर का परिगणना प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराया गया। जब उन्होंने बीएलओ छोटूखान से जानकारी ली तो पता चला कि उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है। यह सुनकर वे स्तब्ध रह गए। उनका कहना है कि जीवित रहते हुए मृत घोषित करना न केवल अपमानजनक है बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया की गंभीर लापरवाही भी है।

**अब तक नहीं जुड़ा दोबारा नाम :** उन्होंने उप जिला निर्वाचन एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बृजेन्द्र मीना को शिकायत दी है, लेकिन आरोप है कि अब तक उनका नाम सूची में पुन: जोड़ा नहीं जा सका है। वे लगातार कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। गोपीनाथ ने बताया कि सन 2002 की मतदाता सूची के भाग संख्या 109 में क्रमांक 532 पर उनका नाम दर्ज है और उनके पास ईपिक नम्बर भी है। इसके आधार पर उन्होंने विगत लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदान किया है। इसके बावजूद उन्हें मृत घोषित करना बीएलओ की कर्तव्यनिष्ठा पर सवाल खड़ा करता है।

**लोग उठा रहे सवाल :** स्थानीय लोगों का कहना है कि गोपीनाथ न केवल गंगापुरसिटी बल्कि बतौर कवि के रूप में विख्यात हैं। ऐसी शख्सियत का नाम काटा जाना सिस्टम की नाकामी को उजागर करता है। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह की लापरवाही से लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन होता है और आमजन का विश्वास निर्वाचन प्रक्रिया पर से उठ सकता है।

## नरेश मीणा की फिर बढ़ी मुश्किलें, पीएम-सीएम पर अभद्र टिप्पणी के आरोप में एफआईआर दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** अंता विधानसभा उपचुनाव में



निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लडऩे वाले चर्चित युवा नेता नरेश मीणा एक बार फिर मुश्किलों में पड़ते नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ करौली जिले के सपोटरा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। यह मामला भाजपा जिला विधि प्रकोष्ठ के सह-संयोजक विकास सिंह की शिकायत पर दर्ज हुआ। दरअसल, राम जल सेतु लिंक परियोजना (पीकेसी-ईआरसीपी) के तहत बनने वाले डूंगरी बांध के विरोध में 21 नवंबर को सपोटरा उपखंड की ग्राम पंचायत जोड़ली में महापंचायत आयोजित की गई थी। इसमें हजारों किसान और ग्रामीण शामिल हुए थे। इस दौरान नरेश मीणा ने चेतावनी दी थी कि यदि डूंगरी बांध का निर्माण शुरू हुआ तो इसे रोकने के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। जरूरत पडऩे पर ट्रेन रोकने जैसे कदम भी उठाए जाएंगे। इस दौरान मंच से भाषण देते हुए नरेश मीणा पर पीएम और सीएम के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां करने का आरोप है। घटना के वीडियो सामने आने के बाद मामला गर्मा गया। शिकायतकर्ता विकास सिंह ने बताया कि नरेश मीणा ने संवैधानिक पदों पर बैठे नेताओं के प्रति अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया, जिससे न केवल उनकी सार्वजनिक छवि धूमिल हुई बल्कि पद की गरिमा का भी अपमान हुआ। वीडियो और शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मांशी बांध से फसलों की सिंचाई के लिए नहरों में छोड़ा पानी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** मांशी बांध से रबी संवत् 2082 (वर्ष 2025-26) में उपलब्ध पानी फसलों में पिलाई में दिये जाने के लिए मांशी बांध जल वितरण कमेटी की बैठक अतिरिक्त जिला कलेक्टर राम रतन सौकरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर सभागार में आयोजित हुई। राज्य सरकार के आदेशानुसार मांशी बांध के सिंचित क्षेत्र की जल उपयोक्ता संगमों का निर्धारण निर्धारित प्रक्रियानुसार किया हुआ है। चुनाव प्रक्रिया द्वारा जनतांत्रिक माध्यम से सिंचित क्षेत्र के खातेदार कृषकों को चुना गया है। इस परियोजना में 4 जल उपयोक्ता संगमों का गठन किया हुआ है। नहरो की सफाई कार्य के लिए मनरेगा मद में कार्य कराये गये है तथा नहर में पानी छोडे जाने से पूर्व इन नहरों की मरम्मत एवं साफ सफाई का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। बैठक में मंगलवार से मांशी बांध से नहर में पानी खोलने एवं उपलब्ध पानी को सिंचाई के लिए दिए जाने निर्णय लिया गया। जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता निरंजन मीणा ने बताया कि मांशी बांध का गेज 10 फिट है। जिससे टोंक जिले के पीपलू तहसील के 29 गांवों की 6 हजार 985 हेक्टर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इस क्षेत्र का सिंचित एरिया 4 हजार 890 हैक्टर है। इस परियोजना की मुख्य नहर 42.18 किमी एवं 9 माईनर सिस्टम की कुल लंबाई 28.65 किमी है। वर्तमान में मांशी बांध पूर्ण भरा हुआ है।

## शतावरी पर खिले नन्हे सफेद फूल, औषधीय बेल इन दिनों चरम पर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** सूखी टहनियों पर खिला सौंदर्य सूखी टहनियों पर खिले बेहद छोटे-छोटे सफेद फूल इन दिनों लोगों का ध्यान



खींच रहे हैं। यह कोई साधारण पौधा नहीं, बल्कि शतावरी है, जिसे स्थानीय भाषा में नाहरकांटा भी कहा जाता है। बेल पर खिले ये फूल न सिर्फ देखने में खूबसूरत हैं, बल्कि इसका हर हिस्सा आयुर्वेद में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। शतावरी की जड़ों से कई तरह की आयुर्वेदिक औषधियां तैयार की जाती हैं, जो शरीर की प्रतिरक्षा बढ़ाने, पाचन सुधारने और महिलाओं के स्वास्थ्य में विशेष रूप से उपयोगी मानी जाती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस बेल को पारंपरिक उपचार का भरोसेमंद पौधा माना जाता है। मौसम बदलते ही शतावरी की बेल इन दिनों पूरी तरह फूलों से लदी हुई दिख रही है। खेतों, बाड़ों और सुनसान इलाकों में इसकी मौजूदगी प्रकृति प्रेमियों का मन मोह रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह मौसम शतावरी के विकास का सबसे अनुकूल समय होता है, जब इसकी औषधीय क्षमता भी अपने चरम पर रहती है। स्थानीय वैद्य और वनस्पति विशेषज्ञों ने अपील की है कि शतावरी जैसी औषधीय वनस्पतियों को संरक्षित किया जाए, क्योंकि बेतरतीब दोहन से यह प्रजाति तेजी से घट रही है। ग्रामीणों को भी इसकी जड़ों को निकालते समय पौधे को पूरी तरह नष्ट न करने की सलाह दी गई है। यह प्राकृतिक संपदा न केवल चिकित्सा में उपयोगी है, बल्कि प्रकृति की खूबसूरती में भी चार चांद लगा रही है।

# 'सरदार/150 यूनिटी मार्च की जिला स्तरीय द्वितीय पदयात्रा कार्यक्रम' के भव्य आयोजन के द्वारा राष्ट्रीय एकता का दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, माय भारत केंद्र टोंक के माध्यम से 'सरदार/150 के तहत द्वितीय यूनिटी मार्च' का आयोजन प्रताप स्टेडियम निवाई टोंक से हुआ ।



कार्यक्रम का प्रारंभ सरदार वल्लभ भाई पटेल को पुष्प अर्पित कर किया गया इसके पश्चात जिला युवा अधिकारी कुमार मधुकर ने विधायक श्री राम सहाय वर्मा, जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, नितिन छाबडा को सम्मान प्रतीक भेंट किये । कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए माय भारत केंद्र के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक रोहिल कुमार कट्टा ने बताया की यह जिला स्तरीय पदयात्रा सरदार /150 की थीम पर पुरे भारत वर्ष में आयोजित की जा रही है। इसके पश्चात विधायक श्री रामसहाय वर्मा ने कहा की सरदार पटेल की भारत को एक सूत्र में पिरोने में महत्ती भूमिका रही है जिसमें मेवाड़ का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने बताया यह कार्यक्रम ही नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान हैं। युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाने, देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने, राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूती के साथ रखना है। साथ ही उन्होंने माय भारत केंद्र द्वारा किये जा रहे प्रयासों की भी प्रशंसा की । जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने सरदार पटेल के जीवन दर्शन पर अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार पटेल के 'एकीकृत भारत' के दृष्टिकोण को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत' के मिशन से जोड़ते हुए जनभागीदारी पर आधारित एक सशक्त राष्ट्रीय अभियान में भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने सरदार पटेल के प्रारंभिक जीवन और उनके मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया, इसके पश्चात कार्यक्रम में नशा मुक्ति, आत्मनिर्भर भारत, गर्व से स्वदेशी के सपथ लिए गए। जिला स्तरीय द्वितीय यूनिटी मार्च पदयात्रा को विधायक श्री राम सहाय वर्मा एवं जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह यात्रा प्रताप स्टेडियम निवाई से प्रारंभ होकर दृ अहिंसा सर्किल- पुलिस थाना निवाई- कंकाली माता मंदिर- गणगौरी बाजार- चोहटी बाजार- पटेल रोड- बस स्टैंड- अहिंसा सर्किल तक आयोजित की गयी। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत, वन्दे मातरम, तिरंगे झंडे, देश भक्ति के, राष्ट्रीय एकता के श्लोगन लिखी हुई तख्तियों के साथ देश भक्ति के नारे भारत माता की जय, वन्दे मातरम् नारों से पूरे शहर को राष्ट्र भक्ति से सरोबार कर दिया।

कार्यक्रम में शैलेन्द्र चौधरी, बबलू टैंकर, रत्तीराम पहाडिया, लोकेश गुप्ता, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ छोटेलाल मीना, वनस्थली माय भारत केंद्र के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक रोहिल कुमार कट्टा सहित अन्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम में माय भारत राष्ट्रीय सेवा योजना, आर एन टी महाविधालय निवाई, रानी लक्ष्मी बाई महाविद्यालय निवाई, सरकारी महाविद्यालय निवाई, महिला महाविधालय निवाई के करीब 700 से अधिक युवाओ ने भाग लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन लेखा एवं कार्यक्रम सहायक रोहिल कुमार कट्टा ने किया।

## चला पीला पंजाः गंगापुर सिटी में बुलडोजर एक्शन, 31 कियोस्क गिराए

### व्यापारियों के सामने खड़ा हुआ रोजी-रोटी का संकट

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर जिले के गंगापुर सिटी में बजरिया स्थित सोनी बाबा स्क्वायर इलाके में नगर परिषद ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की. इसके तहत साल 2002 में मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत आवंटित दर्जनों कियोस्क दुकानों को सोमवार को जेसीबी से गिराया गया। कार्रवाई के दौरान इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था, ताकि किसी तरह की अव्यवस्था या विरोध की स्थिति पैदा न हो।



लीज खत्म होने के बाद भी नहीं हटाई दुकानें तो जेसीबी से गिरावाया सुबह होते ही नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। जानकारी के मुताबिक, ये कियोस्क दुकानें साल 2002 में रोजगार देने के लिए अलॉट की गई थीं। नगर परिषद ने इन्हें 10 साल की लीज पर दिया था, लेकिन तय समय पूरा होने के बाद भी कई लोगों ने इन्हें खाली नहीं किया. इस बारे में समय पर नोटिस भी जारी किए गए थे. इसके बावजूद जब कोई जवाब नहीं मिला तो प्रशासन को यह कार्रवाई करनी पड़ी।

**रेलवे स्टेशन के डेवलपमेंट के लिए कार्रवाई थी जरुरी :** इसके अलावा नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन इलाके में ब्यूटीफिकेशन और डेवलपमेंट का काम तेजी से चल रहा है. ऐसे में स्टेशन परिसर और आस-पास के इलाकों को मॉडर्न लुक देने के लिए बजरिया में लगे इन कियोस्क को हटाना जरूरी था. यह जगह डेवलपमेंट प्रोजेक्ट की सीमा में आने की वजह से लंबे समय से रुकावट बनी हुई थी। जिसके कारण लीज खत्म होने के बाद नगर परिषद की टीम ने सोमवार सुबह यह कार्रवाई की।

कार्रवाई में ध्वस्त हुए 31 कियोस्क इस पूरी कार्रवाई के दौरान, करीब 31 कियोस्क (दुकानों) को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया. ध्वस्तीकरण की इस पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई. इस मौके पर उपखंड अधिकारी एवं कार्यवाहक आयुक्त नगर परिषद बृजेंद्र मीणा, तहसीलदार अजय मीणा, और नगर परिषद के दर्जनों अधिकारी तथा कर्मचारी दल प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौजूद थे. पुलिस अधिकारियों और स्थानीय प्रशासनिक टीम की उपस्थिति ने सुनिश्चित किया कि यह बड़ी कार्रवाई बिना किसी अप्रिय घटना के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो जाए।

## सवाई माधोपुरः कनिष्ठ सहायक 18,500 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार, तहसीलदार फरार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो (एसीबी) ने बरनाला तहसील कार्यालय में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए कनिष्ठ सहायक कुलदीप सिंह को 18,500 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है, वहीं, रिश्वत की मांग करने वाले तहसीलदार लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता कार्रवाई की भनक लगते ही मौके से फरार हो गए, उनकी तलाश जारी है। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद चौधरी ने बताया कि ब्यूरो को एक शिकायत मिली थी कि परिवादी के पिता ने दानपत्र के जरिए जो कृषि भूमि परिवादी की पत्नी के नाम की थी, उसकी रजिस्ट्री कराने के एवज में तहसीलदार लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता ने कनिष्ठ सहायक कुलदीप सिंह के माध्यम से रिश्वत की मांग की थी. तहसीलदार ने कुलदीप सिंह के जरिए परिवादी से अपने और खुद के लिए कुल 28,500 रुपये (चालान सहित) रिश्वत मांगी थी। शिकायत की प्रारंभिक जांच



के बाद एसीबी ने ट्रैप बिछाया।

**तहसील में रंगे हाथों गिरफ्तार:** जांच में पता चला कि कुलदीप सिंह ने पहले परिवादी से 10,000 रुपये ऑनलाइन चालान के रूप में ई-मित्र दुकान पर जमा करवा लिए थे। शेष 18,500 रुपये रजिस्ट्री के दिन लेने की बात तय हुई। जब कुलदीप सिंह ने तहसीलदार से बात कर परिवादी से 18,500 रुपये नकद लिए, तभी एसीबी की टीम ने तहसील कार्यालय में ही उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। रिश्वत लेते पकड़े जाने की सूचना मिलते ही तहसीलदार लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता कार्यालय से फरार हो गए. एसीबी की टीमें उनका पता लगा रही हैं।

## अन्नपूर्णा गणेश मंदिर परिसर में हुआ तृतीय श्रीगणेश रात्रि जागरण का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी) ।** अन्नपूर्णा गणेश मंदिर प्रन्यास समिति के तत्वाधान में अन्नपूर्णा मंदिर पहाड़ी पर स्थित श्रीगणेश मंदिर परिसर में सोमवार को मंगसर माह की विनायक चतुर्थी के अवसर पर तृतीय रात्रि जागरण का आयोजन किया गया । प्रन्यास समिति के अध्यक्ष महेंद्र कुमार बैरवा एवं कोषाध्यक्ष कमलेश वैष्णव ने बताया कि मंदिर मठाधीश महंत कैलाशपुरी के सानिध्य में मंदिर मुख्य पुजारी दीपक पुरी व सुभाष गोस्वामी द्वारा विधिवत रूप से गणेश पूजन कर जागरण का शुभारंभ किया गया । समिति के प्रवक्ता प्रेम रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर समिति द्वारा प्रत्येक माह की चतुर्थी पर गणेश मंदिर परिसर में श्रीगणेश रात्रि जागरण का आयोजन विगत तीन माह से अनवरत रूप से किया जाता आ रहा है। उन्होंने बताया कि यह जागरण वर्ष पर्यंत आगामी वर्ष गणेश चतुर्थी के अवसर पर मनाए जाने वाले श्रीगणेश जन्मोत्सव समारोह के अवसर पर विशाल भजन संध्या का आयोजन कर समापन किया जाएगा । जागरण में भजन गायक महावीर शर्मा, गोपाल पाटीदार एवं पंडित ओम बाबा आदि द्वारा ष्आजा रे सांवरिया क्यों देर लगावे छ ''गजानन आ गए, प्रभु जी आ गए'', ''हमें आपकी मेहरबानी चाहिए'', ''रिद्धि-सिद्धि दाता सुनो गणपति'' आदि मधुर भजनों की प्रस्तुति एवं तबला वादक कालू भाई के तबला वादन पर श्रद्धालु नाचने पर मजबूर हो गए । रात्रि जागरण का समापन ब्रह्म मुहूर्त प्रातः 4 बजे भगवान गणेश की आरती के साथ संपन्न हुआ।

## रानीपुरा ग्राम पंचायत के देवपुरा खुर्द में जर्जर सड़क और नालियों के अभाव से ग्रामीण परेशान

बढ़ता राजस्थान

**उनियारा,टोंक(आनंद गौतम)।** उपखंड की रानीपुरा ग्राम पंचायत का देवपुरा खुर्द के बाशिंदे आज भी ग्राम पंचायत तक जाने की संपर्क सडक़ को आज भी तरस रहे हे। गांव लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। गाँव उपखण्डमें सडक़ व्यवस्था पूरी तरह बदहाल है। मुख्य मार्ग पर जगह-जगह कीचड़, जलभराव और गड्ढों के कारण बच्चों को स्कूल जाने में भारी परेशानी होती है। ट्रैक्टर, बाइक जैसी साधारण परिवहन व्यवस्था भी यहाँ अक्सर फिसलने और दुर्घटना का कारण बन जाती है। गाँव में अब तक नालियों का निर्माण नहीं हुआ, जिसके कारण बरसात के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है।



स्वतंत्रता के बाद से आज तक इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं मिला है, जिससे ग्रामीणों में नाराजग़ी और चिंता बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों की मांग है कि सडक़ निर्माण और नालियों का कार्य जल्द से जल्द शुरू कराया जाए, ताकि छात्रों, किसानों और आम लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। वहीं ग्राम विकास अधिकारी पवन मीना के कथनानुसरार सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से सडक़ का डामरीकरण करवाने के लिए प्रस्ताव भेजा हुआ हे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत विधानसभा क्षेत्र टोंक के 15 बूथ लेवल अधिकारियों ने किया शत प्रतिशत कार्य पूर्ण





बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावलियों के लिये गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 25 नवम्बर तक 15 बीएलओ ने शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया। जिसके लिए बूथ लेवल अधिकारियों को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) टोंक हुक्मीचन्द रोहनानियां ने बधाई दी हैं। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर विमल कुमार भी मौजूद रहें। साथ ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) टोंक ने विधानसभा क्षेत्र टोंक के मतदाताओं से अपील की है कि हर योग्य मतदाता अपनी एक नवीनतम रंगीन फोटो एंव आवश्यक सूचनाओं के साथ भरा हुआ परिगणना प्रपत्र अपने बीएलओ को शीघ्र उपलब्ध करवायें। जिससे समय पर कार्य पूर्ण हो सकें, सभी मतदाता, मतदाता सूची को अद्यतन करवानें में अपना सहयोग प्रदान करे।

**एसआईआर-2026 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को एडीएम ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया सम्मानित :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम रतन सौंकरिया ने मंगलवार को एसआईआर 2026 के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम रतन सौंकरिया ने बताया कि बीएलओ बाबूलाल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र देवली-उनियारा भाग संख्या 146, सुरेश कुमार शर्मा विधानसभा क्षेत्र मालपुरा भाग संख्या 76, रामदयाल जाट मालपुरा भाग संख्या 77, परशराम जाट मालपुरा भाग संख्या 122, देवलाल गुर्जर विधानसभा क्षेत्र निवाई भाग संख्या 266 ने उल्लेखनीय कार्य कर जिम्मेदारी के साथ अपने परिवेश के लोगों को एसआईआर 2026 के दौरान आवश्यक रुप से गणना प्रपत्र भरने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने अन्य बीएलओ को भी प्रभावी रणनीति से गणना प्रपत्र के डिजिटाइजेशन कार्य को पूर्ण करने में सहयोग करने के निर्देश दिए हैं।

# डीपीएस उदयपुर की अनन्या हुई राज्य स्तर पर पुरस्कृत

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर, (नि.स.)।** पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के निर्देशन में ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विद्यालयी छात्रों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति संवेदनशील और जागरूक बनाने के उद्देश्य से ऊर्जा संरक्षण 2025 पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर में किया गया। जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कक्षा 5 से 7 के ग्रुप ए में कक्षा 6 की अनन्या अग्रवाल व लविषा लोहाड़िया का तथा कक्षा 8 से 10 के ग्रुप बी में कक्षा 8 की अलीशा मोंडण्ल व पुलकित आमेटा का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी कला और प्रतिभा से अनन्या अग्रवाल ने सुंदर कलाकृति बनाई। उसे इस कलाकृति के लिए सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। पुरस्कार समारोह में अनन्या को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया तथा सभी प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य संजय नरवरिया तथा उपप्राचार्य राजेश धाभाई ने सभी प्रतिभागियों तथा विजेता को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

# हिन्दुस्तान ज़िंक ने नए बीआईएस सर्टिफिकेशन के साथ नवाचार को दिया बढ़ावा

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर, (नि.स.)।** भारत की एकमात्र और दुनिया की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक उत्पादक तथा विश्व के टॉप पाँच सिल्वर प्रोड्यूसर शीर्ष पाँच वैश्विक सिल्वर उत्पादकों में से एक, हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड 'थिंक डिफरेंटली' थीम के साथ वर्ल्ड क्वालिटी मंथ मना रही है, जो कंपनी के इनोवेशन, डेटा-ड्रिवन डिसीजन-मेकिंग और अपनी वैल्यू चेन में ऑपरेशनल एक्सीलेंस के लिए लगातार कमिटमेंट को दर्शाता है।

इसी फोकस को आगे बढ़ाते हुए, हिन्दुस्तान ज़िंक के प्रोडक्ट 'डाई कास्टिंग के लिए जिंक बेस एलॉय इनगॉट्स, ग्रेड जेडएन एआई 4' को ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स आईएस 713:198 के अनुसार स्टैंडर्ड मार्क उपयोग करने की अनुमति मिल गई है। यह सर्टिफिकेशन प्रोडक्ट की मार्केट क्रेडिबिलिटी, रेगुलेटरी कम्प्लायंस और कस्टमर कॉन्फिडेंस को मजबूत करता है। यह अचीवमेंट कंपनी के ग्लोबली बेंचमार्क्ड, हाई-एश्योरेंस प्रोडक्ट्स देने के बड़े विजन को और मजबूत करता है।

कंपनी ने पारंपरिक 12-स्टेप फ्रेमवर्क से आगे बढ़ते हुए एजाइल क्वालिटी सर्कल प्रस्तुत किया है। यह मॉडर्न और फ्लेक्सिबल अप्रोच टीमों को चैलेंज के अनुसार क्वालिटी टूल्स का सबसे असरदार कॉम्बिनेशन चुनने में सशक्त बनाता है, जिससे कर्मचारी भागीदारी, जुड़ाव और गंभीर सोच को बढ़ाया जा सके। निर्णय लेने और समाधान देने की प्रक्रिया को तेज किया जा सके। परिचालन में रचनात्मक समस्या-समाधान के लिए विविध कौशल का उपयोग किया जा सके।

एजाइल क्वालिटी सर्कल हिन्दुस्तान ज़िंक के मजबूत क्वालिटी इकोसिस्टम में आसानी से जुड़ जाता है, जो सात बुनियादी पिलर्स - सप्लायर क्वालिटी मैनेजमेंट, कस्टमर मैनेजमेंट, इंटीग्रेटेड क्वालिटी मैनेजमेंट, लगातार सुधार, लीडरशिप इन्वॉल्वमेंट, स्किल डेवलपमेंट और रिजल्ट्स मैपिंग पर बना है। इस पहल के बारे में हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि, हिंदुस्तान जिंक में क्वालिटी जिज्ञासा और लगातार सुधार के कल्चर में निहित है। थिंक डिफरेंटली थीम और एजाइल क्वालिटी सर्कल्स की शुरुआत के साथ, हम अपने लोगों को पारंपरिक तरीकों को चुनौती देने और आत्मविश्वास के साथ इनोवेट करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। हमारा बीआईएस सर्टिफिकेशन हमारे क्वालिटी सिस्टम की ताकत को और मजबूत करता है, जिससे हम ऑपरेशनल एक्सीलेंस में नए बेंचमार्क सेट करते हुए वर्ल्ड-क्लास प्रोडक्ट्स डिलीवर कर पाते हैं।

# कुम्भलगढ़ फेस्टिवल: लोक नृत्य, संगीत और संस्कृति का दिखेगा वाइब्रेंट कोलाज

## संस्कृति, नृत्य, संगीत और कला का होगा संगम, कुंभलगढ़ फेस्टिवल को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** आगामी 1 से 3 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले कुंभलगढ़ फेस्टिवल-2025 की तैयारियों को लेकर बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में कुंभलगढ़ उपखंड अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में उप निदेशक शिखा सक्सेना, एसडीएम साक्षी पूरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भाग लेते हुए महोत्सव को सफल, भव्य एवं सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। कलक्टर ने निर्देश दिए कि महोत्सव के दौरान आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि फेस्टिवल का आयोजन आकर्षक, स्वच्छ, सुरक्षित और यादगार हो तथा आगंतुकों के लिए यातायात, स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षा, पानी-बिजली और सफाई जैसी सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रहें। कलक्टर ने कहा कि महोत्सव की सफलता तभी मानी जाएगी जब बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटकों की सहभागिता सुनिश्चित हो। उन्होंने निर्देश दिए कि महोत्सव के प्रचार-प्रसार को देश-विदेश तक पहुँचाने के लिए ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म्स को जोड़ा जाए और सोशल मीडिया पर भी व्यापक फोकस रखा जाए। उन्होंने बताया कि कुंभलगढ़ आने वाला हर पर्यटक यहां से अविस्मरणीय अनुभव लेकर जाए।

# तस्करों पर नजर नहीं हैं या नजरे इनायत कर रखी है

## स्थानीय तस्करों की धरपकड़ से कतरा रहा आबकारी महकमा

## ठेकों से तस्करी रोकने में ही दिलचस्पी नहीं ले रहे अधिकारी

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (जीतेश रावल)।** आबकारी महकमे ने बेहतरीन मुखबीर तंत्र इजाद किया है। इसे दूर की चीजें तो दिख जाती है पर नाक के नीचे दिखना मुश्किल है। जी हां, आबकारी महकमे की माने तो कुछ दिन पहले हरियाणा से गुजरात जा रही शराब भरी कार पकड़ने में मुखबीर तंत्र की काफी सक्रियता दिखी, लेकिन स्थानीय स्तर पर चल रहे तस्करी के कारनामों पर इनकी नजर नहीं है या शायद नजरे इनायत कर रखी है। चाहे जो हो, लेकिन मंडार-रेवदर क्षेत्र से गुजरात के लिए तस्करी हो रही शराब को पकड़ने की दिशा में आबकारी महकमा कोई खास कार्रवाई नहीं कर रहा। यहां तक कि मैथीपुरा जैसे गांवों के ठेकों से पार हो रही शराब रोकने में भी अधिकारी कोई दिलचस्पी नहीं ले रहे। इस सम्बंध में आबकारी अधिकारी बात करने से ही कतरा रहे हैं।

### कभी-कभार की कार्रवाई में वाहवाही लूट रहे

कभी-कभार की कार्रवाई में ही अधिकारी वाहवाही लूट रहे हैं। हाल ही में रेवदर के समीप मोरवाड़ा में शराब भरी कार पकड़ी गई थी।

कार्रवाई जिले के दो निरीक्षक व एक प्रहराधिकारी को दर्शाया गया और फोटो सेशन में जिला आबकारी खुद पहुंच गए।

वाहवाही इस कदर लूटी गई कि बकायदा प्रेसनोट में दर्शाया गया। इसमें बताया था कि आबकारी के वाहन को टक्कर मारकर कार भागने का प्रयास कर रही थी पर घेरकर दबोच लिया गया। यह दीगर बात है कि कार को खरोंच तक नहीं आई।

### ठेकों की आड़ में हो रही शराब तस्करी

**मंडार के समीप मैथीपुरा क्षेत्र में तस्करों की लम्बे समय से सक्रियता है। कमोबेश यही हाल आसपास के अन्य शराब ठेकों का भी है। पादर, भटाणा, मंडार समेत सीमा से सटे अन्य गांवों के ठेकों से भारी मात्रा में शराब तस्करी हो रही है, लेकिन महकमा इस ओर से मूकदर्शक बना हुआ है। बताया जा रहा है कि ठेकों की आड़ में शराब डम्पिंग की जा रही है। यहां से छोटे वाहनों के जरिए यह माल सीधा गुजरात पहुंच रहा है। महज कुछ किमी के बाद ही गुजरात में प्रवेश के कारण तस्करों को यह क्षेत्र रास आ रहा है। लेकिन, आबकारी महकमा इसे नजरंदाज कर रहा है।**

### दूर की सूचनाएं लाता है मुखबीर खास

वैसे हरियाणा से शराब लेकर आई कार पकड़ने में आबकारी महकमे को मुखबीर खास से गुप्त सूचना मिली थी, लेकिन यहां आए दिन हो रही तस्करी के मामले में खास तो क्या कोई सामान्य मुखबीर की सूचना भी इनके पास नहीं पहुंच रही। सूचनाएं शायद इनके तंत्र तक नहीं पहुंच रही अन्यथा कोई न कोई कार्रवाई भी जरूर देखने को मिल जाती। लगता है आबकारी का मुखबीर खास दूर की सूचनाएं ही पकड़ता है।

# उदयपुर में महिला शक्ति का भव्य प्रदर्शन

## खेलो इंडिया अस्मिता वूमेन्स पेंसक सिलाट लीग 2025 सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर, (नि.स.)।** महिलाओं और बालिकाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाने के उद्देश्य से उदयपुर में पहली बार खेलो इंडिया अस्मिता वूमेन्स पेंसक सिलाट लीग 2025 का भव्य आयोजन सरस्वती शिक्षक सदन, हिरण मगरी सेक्टर-4 में सम्पन्न हुआ।

टूर्नामेंट डायरेक्टर हरीश कुमार सांवरिया ने बताया कि यह लीग स्पोर्ट्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया, खेल एवं युवा मामलों के मंत्रालय, खेलो इंडिया के सहयोग से नि:शुल्क आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में आत्मरक्षा जागरूकता, खेल भावना और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है।

लगभग 5 वर्ष से 45 वर्ष आयु वर्ग की 310 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और टैंडिंग कैटेगरी में शानदार मार्शल आर्ट कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदयपुर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं रोटरी क्लब मेवाड़ के सचिव मुकेश शर्मा, समाजसेवी एवं सूर्यांश संस्था की संस्थापक श्रीमती मधु सरिन, ओरिएंटल पैलेस की ऑनर श्रीमती श्रद्धा गट्टानी, उदयपुर पुलिस में डीवाईएसपी चेतना भाटी तथा पेंसिक सिलाट के नेशनल रेफरी अमित कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने आज के समय में महिला सुरक्षा को महत्वपूर्ण चुनौती बताते हुए कहा कि आत्मरक्षा की तकनीक सीखना हर बालिका और महिला के लिए आवश्यक है। डीवाईएसपी चेतना भाटी ने सभी बच्चों को पुलिस के हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी देते हुए उनके सुरक्षित और सतर्क रहने का संदेश दिया।

प्रतियोगिता में अनेक स्कूलों ने भाग लिया, जिसमें पाइनवर्ल्ड स्कूल प्रथम, रॉकवुड स्कूल द्वितीय, और दिल्ली पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। टूर्नामेंट डायरेक्टर ने बताया कि इस लीग के सभी स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी अब पेंसक सिलाट की जोनल स्तर की प्रतियोगिता में उदयपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस ऐतिहासिक आयोजन ने उदयपुर में महिला खेल सशक्तिकरण को नई दिशा दी है।

# राजसमंद आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

## अवैध शराब से भरा कंटेनर जब्त, दो गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिला आबकारी विभाग ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब से भरे एक कंटेनर को जब्त किया है। कार्रवाई जिला आबकारी अधिकारी लोकेश जोशी के निर्देशन में की गई। विभाग द्वारा पिछले एक माह में बड़े वाहनों की यह तीसरी जब्ती है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग को हरियाणा से गुजरात की ओर अवैध शराब भेजे जाने की सूचना मिली थी। इस पर मंडवाड़ा टोल नाके पर विशेष नाकेबंदी कर हरियाणा नंबर के कंटेनर को रोका गया। तलाशी लेने पर कंटेनर में 105 कार्टूनों में भरी कुल 1242 बोतल अंग्रेजी शराब पाई गई। कंटेनर में मौजूद चालक और परिचालक से जब वैध दस्तावेज मांगे गए तो वे प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर दोनों को गिरफ्तार कर कंटेनर सहित शराब को जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए कुल माल की कीमत लगभग 70 लाख रुपये आंकी गई है, जिसमें 35 लाख रुपये शराब की, तथा 35 लाख रुपये कंटेनर की कीमत शामिल है।

# गोपालदास मंदिर में धूमधाम से मनाई गई विवाह पंचमी

## श्रीराम-सीता विवाह की सजीव झांकी ने भक्तों को किया भाव-विभोर

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (नि.स.)।** कस्बे के प्राचीन गोपालदास मंदिर, लुहारों के मोहल्ले में मंगलवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम एवं माता जानकी के पावन विवाहोत्सव विवाह पंचमी का अत्यंत भव्य और भावपूर्ण आयोजन हुआ। मंदिर प्रांगण को फूलों, झालरों और रंग-रोगन से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीराम-सीता विवाह की सजीव झांकी रही, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। विवाह के पावन क्षणों का मंचन जैसे ही आरंभ हुआ, पूरा परिसर 'सीताराम विवाह की जय!' के जयकारों से गूंज उठा। महिलाओं ने पारंपरिक मंगलगीत गाए, वहीं पुरुषों ने भजनों व कीर्तन के माध्यम से आयोजन को आध्यात्मिक ऊँचाइयों तक पहुंचाया। विवाह पंचमी उत्सव में पूर्व पंच राजेन्द्र प्रसाद स्वामी का विशेष मार्गदर्शन और सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम और माता सीता का दैवीय विवाह समाज को मर्यादा, प्रेम और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग तक पहुंचा खनन का मामला

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (जीतेश रावल)।** पिण्डवाड़ा क्षेत्र में प्रस्तावित खनन परियोजना का मामला अब राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग तक पहुंच चुका है। आदिवासी क्षेत्र में हो रहे नुकसान एवं समस्याओं के समाधान को लेकर आयोग ने जांच करने का निर्णय लिया है। इस सम्बंध में जिला कलक्टर से समुचित जानकारी मांगी है। पिण्डवाड़ा से आदिवासी विकास सेवा समिति की ओर भेजी गई शिकायत के आधार पर आयोग ने जिला कलक्टर को पत्र भेजकर जल्द ही जानकारी देने का अनुरोध किया है। साथ ही चेताया है कि निर्धारित समयावधि में प्रत्युत्तर नहीं मिलने पर आयोग उन्हें समन भी जारी कर सकता है।

- आदिवासी क्षेत्र में नुकसान एवं समाधान पर जांच करेगा आयोग
- प्रस्तावित खनन परियोजना निरस्ती की मांग कर रहे हैं ग्रामीण

### पुलिस को परिवाद प्रस्तुत किए

उधर, खनन परियोजना के समर्थन में दिए गए सुझाव पत्रों पर फर्जी हस्ताक्षर करने का मामला भी सामने आ रहा है। सोशल मीडिया में पत्र वायरल होने पर सम्बंधित लोगों ने पुलिस में परिवाद प्रस्तुत किए हैं। इसमें सुझाव पत्र पर फर्जी हस्ताक्षर करने वालों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### नाम, नम्बर व हस्ताक्षर का दुरूपयोग

पिण्डवाड़ा क्षेत्र में मै.कमलेश मेटाकास्ट की प्रस्तावित चूना पत्थर खनन परियोजना के समर्थन में फर्जी हस्ताक्षर, नाम और मोबाइल नम्बर के दुरूपयोग का मामला सामने आया है। भारजा निवासी परबतसिंह देवड़ा ने इस सम्बंध में रोहिड़ा थाने में परिवाद देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जिला परिषद सदस्य रीना भुवनेश पुरोहित ने भी स्वरूपगंज थाने में इस सम्बंध में रिपोर्ट दी है।

### इस तरह का ज्ञापन प्रस्तुत ही नहीं किया

पीड़ित परबतसिंह ने बताया कि 19 सितम्बर 2025 को राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय आबूरोड में एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस दस्तावेज में उसके नाम, मोबाइल नम्बर व नकली हस्ताक्षर का उपयोग कर उन्हें खनन परियोजना के समर्थन में सहमति देने वाला दर्शाया गया है, जबकि उन्होंने ऐसा कोई ज्ञापन कभी प्रस्तुत नहीं किया। उन्होंने फर्जी हस्ताक्षर करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग रखी है। साथ ही ज्ञापन लेने वाले कार्मिकों पर आरोप लगाते हुए उनकी भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं।

# अनूपगढ़ की टीम ने सोमवार को व्यापक सांयकालीन गश्त निकाली

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** कानून व्यवस्था मजबूत रखने और क्षेत्र में बढ़ती हुई गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी के उद्देश्य से पुलिस थाना अनूपगढ़ की टीम ने सोमवार को व्यापक सांयकालीन गश्त निकाली। इस दौरान थाना प्रभारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने फिल्ड में उतर कर हालात का जायजा लेते दिखाई दिए। गश्त की शुरुआत थाना परिसर से हुई, जहां से पुलिस टीम ने मुख्य बाजार, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन रोड, भीड़ भाड़ वाले चौराहे और रात्रि में सक्रिय क्षेत्रों का भ्रमण किया। रात्रि को पुलिस को देखकर बदमाशों में खलबली मच गई। और बाजार में आमजन में कोतुहल बन गया। वहीं आमजन में पुलिस को देखकर राहत की सांस ली। थाना अधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने दुकानदारों व स्थानीय नागरिकों से सुरक्षा संबंधी जानकारी ली। उन्होंने लोगों से सचेत रहने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। युवाओं को देर रात अनावश्यक घूमने वह मोटरसाइकिल पर खतरनाक स्टंट करने से बचने की भी हिदायत दी गई। गश्त के दौरान पुलिस ने खड़े की वाहनों को की जांच भी की, संदिग्ध व्यक्तियों से पुछा ताछ और ट्रेफिक नियमों की भी जानकारी ली।

उन्होंने बताया कि ट्रेफिक नियमों की जानकारी वह अनुशासन में रहने की हिदायत दी, उन्होंने बताया कि रात्रि गश्त को और सुदृढ़ किया जावेगा वह बढ़ाया जावेगा। जिसके चलते अनूपगढ़ शहर में शांति बनी रहे।

# ढुलियाना में चला प्रशासन का पीला पंजा: रास्ता व सरकारी नाले से 40 किसानों के अवैध अतिक्रमण हटे, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले के मादड़ी ग्राम पंचायत के ढुलियाना गांव में मंगलवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्षों से रास्ता और सरकारी नाला कब्जे में कर बैठे 40 किसानों के अवैध अतिक्रमण हटवा दिए। तहसीलदार सुंदरलाल मीणा के नेतृत्व में पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में दो जेसीबी और दो ट्रैक्टरों की मदद से करीब दो किलोमीटर क्षेत्र में फैले कब्जों को ध्वस्त किया गया।ग्रामीणों ने लंबे समय से शिकायत कर रखी थी कि रास्ता और नाले पर कतिपय लोगों ने पत्थरों की दीवारें खड़ी कर रखी थीं तथा कांटेदार झाड़ियों से बाड़ाबंदी कर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया था। इससे गांववासियों को आवाजाही में भारी दिक्कतें आ रही थीं। शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए मंगलवार को प्रशासन मौके पर पहुंचा और अवैध निर्माणों को हटाने का अभियान शुरू कियातहसीलदार सुंदरलाल मीणा ने बताया कि ग्रामीणों की लगातार आ रही शिकायतों के बाद कार्रवाई की गई। पत्थरो की चुनाई को जेसीबी से तोड़कर हटाया गया और इन पत्थरों को कब्जे में लेकर पंचायत को सुपुर्द किया गया। कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध भी किया, पर प्रशासन ने किसी का दबाव नहीं माना और सख्ती से अतिक्रमण हटवाया।अतिक्रमण हटते ही वर्षों से बंद पड़ा नाला और रास्ता साफ नजर आने लगा, जिससे क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली और प्रशासन के प्रति आभार जताया।कार्रवाई के दौरान भू-अभिलेख निरीक्षक हरलाल पूर्बिया, मोहनलाल तेली, पटवारी कुलदीप खटीक, सुनील मीणा, भूरालाल मीणा, अंशुमान सिंह चारण, पसंस विजय गुर्जर सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे।

# महाकालेश्वर मंदिर में शिव चालीसा पाठ का आयोजन

## श्रद्धालुओं को खीर प्रसाद वितरण भक्ति और सेवा का अनूठा संगम

बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा (नि.स.)।** कस्बे में महाकालेश्वर सेवा समिति (मोक्षधाम) के तत्वाधान में सोमवार को इंडोर स्टेडियम स्थित महाकालेश्वर मंदिर परिसर में साप्ताहिक शिव चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की आवाजाही बढ़ने लगी, वहीं गूँजते 'हर-हर महादेव' के जयकारों ने पूरे वातावरण को भक्ति की सुगंध से भर दिया। कार्यक्रम में झुझार ट्रेलर जोन शाहपुरा की ओर से श्रद्धालुओं को खीर प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद वितरण के दौरान भक्तों की उत्सुकता देखते ही बनती थी। समिति सदस्यों ने अनुशासन व साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए सभी को प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण करवाया। समिति सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक सोमवार को महाकाल की अनुकंपा से नियमित रूप से शिव चालीसा पाठ व खीर प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाता है।

'सरकार के प्रति भी असहयोगात्मक है ट्रस्ट'

## 'प्राकट्य स्थल् पर संचालित ट्रस्ट की ये कैसी हठधर्मिता...'

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़, (नि.स.)।** श्री साँवलियाजी मंदिर प्राकट्य स्थल् पर संचालित ट्रस्ट की हठधर्मिता का आलम यह हैं कि वो सरकार के प्रति भी असहयोगात्मक रवैये को अपना रहा हैं। देवस्थान विभाग द्वारा कुछ आवश्यक दस्तावेज कई बार मांगे जाने के बावजूद ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध नही करवाए जा रहे हैं। श्री साँवलियाजी मंदिर प्राकट्य स्थल् पर संचालित ट्रस्ट के 2016 के बाद से अभी तक विधिवत चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न नही होने पर क्षेत्रावासियों ने रोष प्रकट किया था। इस पर मौजूदा ट्रस्ट के पदाधिकारीयों ने ग्रामीणो को आश्वास्त किया था कि चार माह के भीतर विधिवत चुनाव भी सम्पन्न करवाए जाएंगे ओर ट्रस्ट को देवस्थान विभाग के अधीन संचालित करवाने की प्रक्रिया भी प्रारम्भ की जाएगी। श्री साँवलियाजी मंदिर प्राकट्य स्थल् पर संचालित ट्रस्ट से देवस्थान विभाग के अधिकारी रमेश चपलोत ने विगत एक माह में कई बार कुछ दस्तावेज मांगे गये जिसे आज तक ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध नही करवाए गए हैं जो ट्रस्ट की हठधर्मिता व असहयोगात्मक रवैये को दर्शाती हैं। देवस्थान विभाग ने ट्रस्ट से संविधान, सदस्यों की सूची तथा सदस्य बनाने की प्रक्रिया एवं सदस्यता शुल्क आदि की जानकारी मांगी गई थी जिसे मौजूदा ट्रस्ट द्वारा आज तक उपलब्ध नही करवाया गया है। ट्रस्ट द्वारा आधी अधूरी जानकारी देकर जिम्मेदारी से विमुख होने तथा देवस्थान विभाग को गुमराह करने का प्रयास भी किया गया लेकिन यह प्रयास सफल नही हो पाया। ट्रस्ट द्वारा जानबूझकर आधी अधूरी जानकारी दी जा रही है ताकि ट्रस्ट के चुनाव को ज्यादा से ज्यादा समय के लिए टाला जा सके। मौजूदा ट्रस्ट द्वारा ग्रामीणों को दिये गये आश्वासन को दो माह बीत चुके हैं। जब तक ट्रस्ट द्वारा देवस्थान विभाग को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नही करवाए जाएंगे तब तक ट्रस्ट की चुनाव प्रक्रिया में क्षेत्रावासियो का संदेह बरकरार रहेगा।

### इनका कहना है

श्री साँवलियाजी मंदिर प्राकट्य स्थल् पर संचालित ट्रस्ट से संविधान एवं सदस्यों से सम्बन्धित सूचनायें मांगी गई थी लेकिन आज तक उपलब्ध नही करवाई गई है। किसी सदस्य की मृत्यु होने पर नये सदस्य के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है, इसके बारें में भी ट्रस्ट अभी तक स्पष्ट नही कर पाया है।

**रमेश चपलोत, देवस्थान विभाग, उदयपुर**

# चांदगढ़ गांव में बनास बचाओ संघर्ष समिति का धरना 30वें दिन भी जारी

## अवैध खनन पर प्रशासन की चुप्पी के खिलाफ उग्र हुआ आंदोलन, सीएम व क्षेत्रीय विधायक का फूंका पुतला

बढ़ता राजस्थान





भीलवाडा, (अमित शर्मा) । जिले के आकोला कस्बे के निकटवर्ती चांदगढ़ गांव में बनास बचाओ संघर्ष समिति का धरना बनास नदी में अवैध बजरी खनन के विरोध में चल रहा है। यह आंदोलन पिछले कई दिनों से जारी है। आंदोलन ने मंगलवार को 30वें दिन और अधिक उग्र रूप में दिखा। अवैध खनन, बजरी माफिया और जिम्मेदार अधिकारियों की लगातार चुप्पी से नाराज ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और स्थानीय विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल का पुतला जलाकर जोरदार विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पिछले एक महीने से लगातार धरना चल रहा है, लेकिन न तो प्रशासन मौके पर पहुंच रहा है और न ही अवैध खनन रोकने की कोई कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन, पुलिस और माइनिंग विभाग मिलकर माफियाओं को खुली छूट दे रहे हैं। धरना स्थल पर जमकर नारे लगे "विधायक जी! बजरी की दलाली लेना बंद करो!" "स्थानीय पुलिस प्रशासन-रेत की दलाली छोड़ो!" "माफिया-प्रशासन गठजोड़ मुर्दाबाद!" प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक अवैध खनन बंद नहीं होगा और जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा और जिलेभर में प्रदर्शन का दायरा बढ़ाया जाएगा।

**बनास नदी बचाने के लिए किया हवन :** बजरी लीज धारक के खिलाफ जारी जनआंदोलन मे 22वें दिन सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में महापंचायत हुई। इसमें सैकड़ों लोग दूर-दराज़ गांवों से एकजुट होकर पहुंचे। सरकार को जगाने और प्रशासन को उसकी जवाबदेही तय करवाने के उद्देश्य से विशेष सद्बुद्धि हवन का कार्यक्रम रखा गया। पंडित रामलाल शर्मा द्वारा विधि-विधान से सम्पन्न इस हवन में प्रदेश में बढ़ती अवैध गतिविधियों को रोकने और तुरंत संज्ञान लेने की प्रार्थना की गई।

आर्य समाज उत्सव के दूसरे दिन वैदिक यज्ञ

## भजन और ओजस्वी उद्बोधनों से गूंजा ब्यावर



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** आर्य समाज के 150 स्वर्णिम वर्ष तथा आर्य समाज, ब्यावर के 141वें वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन प्रातःकालीन सत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और वैदिक विचारों का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। देहरादून से पधारे वैदिक विद्वान सत्यव्रत आर्य के ब्रह्मत्व में यज्ञ सम्पन्न हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वेद ही धर्म का मूल है और कुर्वन्तो विश्वमार्यम की भावना से यज्ञीय जीवन जीकर ही मानव जीवन सफल हो सकता है।मंत्री राजेंद्र काबरा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध भजनोपदेशक दिनेश पथिक ने अपनी मधुर वाणी में भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। कौन कहे तेरी महिमा कौन कहे तेरी माया, प्रभु सारी दुनिया से ऊंची तेरी शान है जैसे भजनों ने वातावरण को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।प्रधान भूदेव आर्य ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वैदिक विद्वान एवं क्रांतिकारी उपदेशक सच्चिदानंद महाराज ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में बताया कि दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन में देश के प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया कि ऋषि दयानंद सरस्वती और आर्य समाज के अद्वितीय योगदान को इतिहास में वह सम्मान नहीं मिला, जिसके वे वास्तविक हकदार हैं।उन्होंने कहा कि आर्य समाज ने केवल मूर्तिपूजा के खंडन तक सीमित कार्य नहीं किया, बल्कि हैदराबाद सत्याग्रह से लेकर स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों को प्रेरणा देने तक, नारी शिक्षा, गुरुकुल प्रणाली, गौसंरक्षण और शुद्धि आंदोलन तक—सभी क्षेत्रों में अमूल्य योगदान दिया है।

## निम्बाहेड़ा में खुले नोटों की किल्लत से व्यापारी परेशान, प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** नगर में 5, 10 एवं 20 के छोटे नोटों व सिक्कों की भारी कमी और ऐसी करेंसी की बढ़ती जमाखोरी को लेकर स्थानीय व्यापारियों को लंबे समय से गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। खुले पैसे की इस निरंतर हो रही किल्लत के समाधान की मांग को लेकर आज विभिन्न व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों ने उपखंड अधिकारी विकास पंचोली से भेंट की। प्रतिनिधि मंडल में मेडिकल व्यापार से लोकेश अग्रवाल, मिठाई व्यापार से श्याम मूंदड़ा तथा किराना व्यापार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रतिनिधियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बताया कि बाजार में खुली करेंसी की अभाव स्थिति के कारण ग्राहकों से लेनदेन में दिक्कतें बढ़ रही हैं, जिससे सामान्य व्यापार प्रभावित हो रहा है।

उपखंड अधिकारी विकास पंचोली ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया और सभी बैंकों को आवश्यक निर्देश जारी करने के आदेश प्रदान किए, ताकि छोटे नोटों एवं सिक्कों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। व्यापारियों ने प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही पर संतोष व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि शीघ्र ही समस्या का समाधान होगा और बाजार में लेनदेन सामान्य रूप से संचालित हो सकेगा।

## नव निर्वाचित विधायक भाया ने किसानों को यूरिया खाद की पर्याप्त आपूर्ति को लेकर लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

### यूरिया खाद की आपूर्ति नही करने पर 02 दिसम्बर को सीएफ सीएल फेक्ट्री गढेपान पर करेंगे धरना प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**अंता (शफीक मंसूरी)।** अन्ता विधानसभा उप चुनाव में ऐतिहासिक मतों से विजयी हुए विधायक प्रमोद जैन भाया द्वारा मंगलवार को विधायक पद की विधानसभा सचिवालय में शपथ ग्रहण की गई। शपथ ग्रहण के तुरन्त बाद विधायक प्रमोद जैन भाया द्वारा बारां जिले के किसानों की खाद की समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखा गया।कांग्रेस जिला संगठन महामंत्री कैलाश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि नव निर्वाचित विधायक प्रमोद जैन भाया द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम पत्र लिखा गया। पत्र में उल्लेखित किया गया कि बारां जिले में इस वर्ष अधिक बरसात होने के कारण फसलें तबाह हो चुकी है जिसके कारण किसान बर्बाद हो चुका है। अब रबी फसलों की बुवाई हो रही है लेकिन किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध नही हो पा रहा है जिसके कारण बारां जिले के अन्नदाता किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भाया ने लिखा कि कोटा जिले में बारां जिले की सीमा पर ग्राम गढेपान में चम्बल फर्टिलाइजर्स केमिकल्स लिमिटेड खाद की फेक्ट्री स्थित है। इस फेक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषित वेस्टेज पानी एवं चिमनी से निकलने वाली दूषित हवा से बारां जिलेवासियों को भी नुकसान होता है। इस फेक्ट्री का दूषित पानी कालीसिन्ध नदी में आकर मिलता है। इसके बावजूद इस फेक्ट्री से पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद बारां जिले के किसानों को उपलब्ध नही करवाया जाता है। भाया ने बारां जिले के किसानों को अपनी फसलों के लिए माह नवम्बर में आवंटित 27000 टन यूरिया के कोटे की पूर्ण आपूर्ति सुनिष्चित करवाए जाने तथा माह दिसम्बर 2025 में भी पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद का कोटा उपलब्ध करवाने की मुख्यमंत्री से मांग की गई। भाया ने कहा कि यदि माह नवम्बर में आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप पूरा यूरिया खाद इस महिने की अन्तिम तारीख 30 नवम्बर 2025 तक बारां जिले के किसानों के लिए उपलब्ध नही करवाया जाता है तो उन्हें आगामी 02 दिसम्बर 2025 को ग्राम गढेपान स्थित सीएफसीएल फेक्ट्री के बाहर किसान हितों के मध्यनजर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# डॉ. सी.पी. जोशी के मार्गदर्शन में एसआईआर विषयक कार्यशाला आज

### कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा,(नि.स.)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार निंबाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र में आज एक महत्वपूर्ण विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण मतदाता सूची के स्ढ्ढक्र - विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को अधिक पारदर्शी, वैज्ञानिक एवं जनहितमुखी बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कांग्रेस संगठन द्वारा इस पहल को बूथ सशक्तिकरण और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के संरक्षण की दिशा में अत्यंत प्रभावी कदम माना जा रहा है। कांग्रेस की मूल विचारधारा जनसेवा, पारदर्शिता, संगठनात्मक अनुशासन और लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता को केन्द्र में रखते हुए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं और पार्टी क्वरुर को व्यावहारिक समझ तथा तकनीकी दक्षता प्रदान करेगा, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य अधिक सटीक और नियमानुसार सम्पन्न हो सके। निंबाहेड़ा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संपत लाल धाकड़ ने उक्त बी एल ए की बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य अतिथि डॉ. सी.पी. जोशी का मार्गदर्शन रहेगा विशेष आकर्षण, कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं संगठन की विचारधारा के प्रखर संवाहक डॉ. सी.पी.जोशी मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में पधार रहे हैं। डॉ. जोशी ने अपने दीर्घ राजनीतिक अनुभव, संगठनात्मक दृष्टि और निर्वाचन प्रक्रियाओं की गहरी समझ के माध्यम से हमेशा कांग्रेस संगठन को नई दिशा दी है। स्ढ्ढक्र जैसे गंभीर और संवेदनशील पुनरीक्षण कार्य में उनका मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को न केवल तकनीकी जानकारी प्रदान करेगा, बल्कि कांग्रेस की मूल प्रतिबद्धता— हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो तथा किसी भी मतदाता के अधिकारों का हनन न हो,को मजबूती से स्थापित करेगा। छोटीसादड़ी ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश जाट ने बताया कि कार्यक्रम अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व सहकारिता मंत्री एवं लोकप्रिय जननायक श्री उदयलाल आंजना करेंगे।

## इनर व्हील क्लब सदस्याओं ने काशीपुरी डिस्पेंसरी के पल्स पोलियो बूथ पर नौनिहालों को पिलाई जीवनरक्षक खुराक



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा) ।** इनर व्हील क्लब की सदस्याओं ने क्लब अध्यक्ष सुमित्रा वैष्णव के मार्गदर्शन में काशीपुरी डिस्पेंसरी स्थित पल्स पोलियो बूथ पर पहुंचकर छोटे बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाई। इस दौरान क्लब सदस्य अनिता आर्य ने अभिभावकों को पोलियो अभियान के महत्व की जानकारी दी। बूथ पर आने वाले बच्चों को गुब्बारे, टॉफियां और खिलौने देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया। आयोजन में क्लब अध्यक्ष सुमित्रा वैष्णव, क्लब सचिव रीना गुप्ता, अनिता आर्य, मधुबाला अग्रवाल सहित नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टर का विशेष सहयोग रहा। क्लब की ओर से सभी सहयोगकर्ताओं का धन्यवाद किया गया और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सदस्यों की सराहना की गई।

## इनर व्हील क्लब ने कन्यादान स्वरूप भेंट की सिलाई मशीन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा) ।** इनर व्हील क्लब की अध्यक्षा सुमित्रा वैष्णव के सानिध्य में क्लब सदस्य डॉ. उषा अग्रवाल की पहल पर वार्ड पार्षद इन्दु टांक के हाथों टीना कंवर को उसकी विवाह उपलक्ष्य में कन्यादान स्वरूप सिलाई मशीन भेंट की गई। इन्दु टांक ने नवविवाहिता के दांपत्य जीवन के सुख और मंगल की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के दौरान क्लब की सचिव रीना गुप्ता ने इनर व्हील क्लब द्वारा किए जा रहे आर्थिक सहयोग और समाजहित के परोपकारी कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर क्लब अध्यक्षा सुमित्रा वैष्णव, सचिव रीना गुप्ता, डॉ. उषा अग्रवाल, रेखा ओझा, शिबा जॉन, रीना टांक, शांति देवी तथा समाजसेवी डॉ. संजय गुप्ता सहित क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा करने वाले 68 बीएलओ सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

### जिले में 75प्रतिशत डिजिटल कार्य पूर्ण, राज्य औसत से बेहतर प्रदर्शन



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से एसआईआर के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ का सम्मान करने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री कमल राम मीना ने की कलेक्टर मीना ने बताया कि जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 98 बीएलओ ने समय से पूर्व शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण कर समर्पण और कार्यक्षमता का परिचय दिया है। इनमें से 68 बीएलओ को कार्यक्रम में आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। सम्मान समारोह में बीएलओ ने अपने अनुभव साझा किए—क्षेत्र में कार्य करते समय आने वाली चुनौतियाँ, उनसे निपटने की रणनीतियाँ और समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति के तरीके। कलेक्टर ने कहा कि इसी गति से सभी बीएलओ कार्य करते रहे तो शेष डिजिटलाइजेशन भी जल्द पूरा हो जाएगा जिला ब्यावर ने अब तक 75त्न डिजिटाइजेशन कर राज्य औसत से बेहतर प्रदर्शन दर्ज किया है। कलेक्टर ने मतदाताओं से अपील की कि वे बीएलओ को आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध कराएँ, जिससे कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा हो सके। युवाओं से भी अधिक सहयोग की अपेक्षा की गई। कार्यक्रम में तहसीलदार हनुत सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## यूआईटी के प्रस्तावित प्लान ई-2 पर सरकार की रोक, विधायक कोठारी की अनुशंषा को मिला समर्थन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)** । शहर के विकास और न्यू भीलवाड़ा के निर्माण से जुड़े यूआईटी के प्रस्तावित प्लान ई-2 को राज्य सरकार ने निरस्त कर दिया है। सरकार की ओर से जारी आदेश में प्लान रद्द करने के साथ ही यूआईटी सचिव को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। विधायक अशोक कोठारी द्वारा प्लान की कमियों, शहर की वास्तविक जरूरतों और भावी विकास की संभावनाओं को लेकर पूर्व में मुख्यमंत्री, स्वायत्त शासन मंत्री और शासन सचिव को लिखित रूप में तथा व्यक्तिगत भेंट कर विस्तृत जानकारी दी गई थी। सरकार के नए निर्देशों में उन्हीं सुझावों को दोहराया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि भूमि का विकास लैंड पूलिंग मॉडल के तहत किया जाए, ताकि क्षेत्र का संतुलित और व्यवस्थित विकास संभव हो सके। साथ ही योजना का क्रियान्वयन ऐसा हो कि आने वाले 50 वर्षों की आवश्यकताओं को बहुउद्देशीय दृष्टिकोण से पूरा किया जा सके। निर्देशों में यह भी कहा गया है कि शहर में मौजूद सभी राजकीय कार्यालयों का स्थानान्तरण एक साथ किया जाए, जिससे सुचारु प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित हो सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मॉडल स्मार्ट सिटी की परिकल्पना को पीपीपी मॉडल के माध्यम से साकार करने की संभावनाओं पर भी बल दिया गया है।

23 से 28 दिसम्बर तक होगा राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव

# चित्तौडग़ढ़ में दिखेगी स्वदेशी संस्कृति,आयुर्वेद और लोक कला की झलक

बढ़ता राजस्थान

### सासंद विधायक की उपस्थिति में हुआ पोस्टर विमोचन



**चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)।** चित्तौडग़ढ़ में राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव का भव्य आयोजन अब 23 से 28 दिसम्बर तक किया जाएगा। पूर्व में लगातार हुई बारिश के कारण यह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था। नई तिथियों की घोषणा करते हुए जिला कलक्टर आलोक रंजन ने महोत्सव को लेकर सोमवार को आयोजित बैठक में महोत्सव की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसी दौरान राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव का आधिकारिक पोस्टर का विमोचन सांसद सी.पी. जोशी, विधायक चंद्रभान सिंह आक्या द्वारा किया गया। सांसद सी.पी.जोशी ने कहा कि यह महोत्सव सरकार के मार्गदर्शन और जिला प्रशासन के सहयोग से संभव हो पा रहा है। स्वदेशी उत्पाद, स्वदेशी संस्कृति, स्वदेशी अर्थव्यवस्था और स्वदेशी भाषा का जो अनूठा संगम यहां देखने को मिलेगा, वह भारत की असली आत्मा को दर्शाता है। सांसद श्री जोशी ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले कलाकार अपनी लोक कलाओं, नृत्य-गीत और परंपराओं से इस आयोजन को विशेष बनाएंगे। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव से स्थानीय कारीगरों, लघु उद्योगों और स्वदेशी उत्पादों को राष्ट्रीय मंच मिलेगा वहीं महोत्सव में लगने वाला विशाल आयुर्वेद एवं पंचकर्म मेला प्रमुख आकर्षण रहेगा, जहां पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियों का प्रत्यक्ष अनुभव मिलेगा। विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की स्वदेशी सोच और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि छह दिवसीय इस आयोजन में देशभर के कारीगर, कलाकार, स्वदेशी उद्यमी और आयुर्वेद विशेषज्ञ भाग लेंगे। महोत्सव के माध्यम से चित्तौडग़ढ़ आगामी दिनों में देशभर के कलाकारों, कारीगरों और पर्यटकों का केंद्र बनने जा रहा है। जिला प्रशासन ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, आवागमन, प्रदर्शनी क्षेत्र, सांस्कृतिक मंच के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं, ताकि आगंतुकों को सुगम और समृद्ध अनुभव मिल सके। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में एडीएम (प्रशासन) प्रभा गौतम, एडीएम (भू.अ.) रामचन्द्र खटीक, जिला परिषद् के एसीईओ राकेश पुरोहित, जिला उद्योग केन्द्र के राहुल देव सिंह सहित विभिन्न जिलाधिकारी, औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती : नगर में 'यूनिटी मार्च' का आयोजन, गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने दिखाई हरी झंडी

## नगर में शांति और कानून व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता

## असामाजिक तत्वों पर होगी सख्त कार्रवाई-जवाहर सिंह बेढ़म

### ब्रज क्षेत्र के विकास के लिए 100 करोड़ का प्रावधान, पंचायत समिति का नाम हुआ 'ब्रजनगर'

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को 'माई भारत' संगठन के तत्वावधान में डीग जिले के नगर कस्बे में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कुंडा मंदिर परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली का शुभारंभ करते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को सुनिश्चित करने में अद्वितीय योगदान दिया था। आज हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मंत्री बेढ़म ने स्वयं हाथों में तिरंगा लेकर स्थानीय युवाओं, महिलाओं और नागरिकों के साथ रैली में पैदल मार्च करते हुए राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा नगर क्षेत्र में शांति बनाए रखना मेरा धर्म और फर्ज है। यहाँ के नागरिकों का स्वाभिमान मेरी प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि शांति भंग करने वाले या माहौल खराब करने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।उसके खिलाफ कानून के दायरे में रहकर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



### 'ब्रजनगर' के रूप में मिली पहचान, विकास को गति

क्षेत्र के विकास और जनभावनाओं का उल्लेख करते हुए बेढ़म ने कहा कि राज्य सरकार ने नगर की सांस्कृतिक पहचान का सम्मान किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि जनभावनाओं के अनुरूप पंचायत समिति का नाम 'ब्रजनगर' किया गया है। इसके अतिरिक्त, 'ब्रज विकास क्षेत्रीय योजना' लागू की गई है, जिसके तहत क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह राशि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगी। यूनिटी मार्च के दौरान कस्बे में उत्साह का माहौल रहा। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं, स्कूली विद्यार्थियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राजस्थानी लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां भी दीं। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी, पुलिस अधिकारी, स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वस्थ एवं खुशहाल परिवार, पुरुष सहभागिता से ही होगा सपना साकार

### जिले में शुरू हुआ पुरुष नसबंदी पखवाड़ा, 27 नवंबर तक चलेगा मोबिलाईजेशन सप्ताह

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,( घनश्याम अवस्थी )।** परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में शुक्रवार से पुरूष नसबंदी पखवाड़ा शुरू प्रारंभ गया है जो चार दिसंबर तक चलेगा। स्वस्थ एवं खुशहाल परिवार, पुरुष सहभागिता से ही होगा सपना साकार थीम पर संचालित इस पखवाड़े के तहत पहला सप्ताह मोबिलाइजेशन सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर ने बताया कि वर्तमान में पुरूष नसबंदी की दर भरतपुर जिले सहित राजस्थान में बहुत कम है, ऐसे में एनएसवी कार्यक्रम को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से राज्य में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा शुरू किया गया है ताकि पुरूषों को नसबंदी के लिए प्रेरित किया जा सके। दो चरणों में आयोजित होने वाले इस पखवाड़े के तहत प्रथम चरण 21 से 27 नवम्बर तक मोबिलाइजेशन सप्ताह मनाया जाएगा और एवं द्वितीय चरण 28 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक सेवा वितरण सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान जनसंख्या स्थिरीकरण में पुरूषों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन अभियान के रूप में संचालित की जा रही हैं। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी परिवार कल्याण डा0 बी.एल. मीना ने बताया कि मोबिलाइजेशन सप्ताह के तहत जिला व ब्लॉक स्तर पर योग्य दम्पतियों से स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सम्पर्क करेंगे और पुरूषों की परिवार नियोजन में सहभागिता बढ़ाने, परिवार नियोजन के उपलब्ध साधनों की जानकारी, सीमित परिवार के लाभ, विवाह की सही आयु, विवाह के पश्चात कम से कम दो वर्ष बाद पहला बच्चा हो, पहले व दूसरे होने वाले बच्चे में कम से कम तीन साल का अंतर हो, प्रसवोत्तर परिवार कल्याण सेवाओं की उपलब्धता की जानकारी तथा गर्भपात पश्चात परिवार कल्याण सेवाओं की जानकारी दी जाएगी। दूसरे चरण में जिन चिकित्सा संस्थानों पर नसबंदी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए संसाधन उपलब्ध हैं, उन केन्द्रों पर नसबंदी सेवा लाभार्थियों को उपलब्ध करवाई जाएगी। इस संबंध में आमजन स्वास्थ्य विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आईईसी भरतपुर पर जागरूकता सामग्री देख सकते हैं।

## प्रत्येक ग्राम के आमजनों को वर्षा जल संग्रहण की सम्भावनाओं से अवगत कराया जाए

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** जिले में अमृत सरोवर जल संचयन, जल जीवन मिशन, जल संरचनाओं का जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में अधीक्षण अभियन्ता जलग्रहण ने केन्द्रीय नोडल अधिकारी निदेशक बजट रक्षा मंत्रालय सुभाष कुमार एवं तकनीकी अधिकारी प्रमोद कुमार के साथ रहकर जिले में किए गए चैक डैम, तालाब आदि का अवलोकन कराया। इस दौरान नोडल अधिकारी ने कहा कि जल स्त्रोतों के बारे में प्रत्येक ग्राम के आमजनों को वर्षा जल संग्रहण की सम्भावनाओं से अवगत कराया जाए। उन्होंने प्रत्येक कार्य को जीयो टैगिंग और ऐप के आधारित रिपोर्टिंग की जानी चाहिए।

अवलोकन के दौरान उन्होंने पार्वती डैम, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 एवं केन्द्रीय प्रवर्तित योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 के अन्तर्गत ताजपुरा एवं बनौरा में वर्षा जल संरक्षण के एमपीटी, पीटी, एनीकट, ईसीडी आदि कार्यो का अवलोकन किया। साथ ही वन विभाग द्वारा किए गए पौधारोपण कार्यो का भी अवलोकन किया।

सरपंच चुनाव में खानपुर ग्राम पंचायत में मिले एससी वर्ग को आरक्षण

## एससी वर्ग से जुड़े ग्रामीणों ने दिया एसडीएम को ज्ञापन, पच्चीस वर्ष से कर रहे इंतजार

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के खानपुर मीणा ग्राम पंचायत के एससी वर्ग से जुड़े बुजुर्ग ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को आगामी सरपंच चुनाव को लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच पद को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित करने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौपा है।

ग्राम पंचायत के सरपंच चुनाव में एससी वर्ग को आरक्षण देने की मांग को लेकर ज्ञापन देने आए बुजुर्ग ग्रामीण बाबूलाल जाटव ने बताया की खानपुर मीणा ग्राम पंचायत में सन 2000 से लेकर 2025 तक सरपंची पद ऐसी वर्ग के लिए आरक्षित नहीं हुआ। सन 2000 से 2005 के बीच जनरल वर्ग,2005 से 2010 के बीच ओबीसी,2010 से 2015 के बीच अनुसूचित जनजाति,2015 से 2019 के बीच ओबीसी और 2019 से 2025 तक फिर से एसटी वर्ग के लिए आरक्षण दिया गया। ग्रामीण सियाराम,सरनाम,प्रेम सिंह,रामदास,राजाराम आदि ने बताया जनसंख्या के हिसाब से ग्राम पंचायत में एसटी के बाद दूसरे नम्बर पर एससी वर्ग के मतदाता है। ग्राम पंचायत में एससी वर्ग की कुल वोटर संख्या 1600 है। लेकिन इनको प्रतिनिधित्व आज तक नहीं मिला है। पंचायती राज अधिनियम के अनुसार सरपंच पद के लिए आरक्षण का आवंटन जनसंख्या के अनुपात में और चक्रीय क्रम में किया जाता है लेकिन खानपुर मीना में 25 वर्षों में एससी वर्ग को कोई स्थान नहीं मिला और एसटी वर्ग के लिए दो बार मौका दिया गया। इससे प्रतीत होता है कि यह पंचायती राज संस्थाओं में आरक्षण के मूल सिद्धांत,उद्देश्य का उल्लंघन है। सरकार से मांग है कि आगामी सरपंची चुनाव में ऐसी वर्ग को ग्राम पंचायत में मौका दिया जाए। ज्ञापन के दौरान ग्रामीण राजू,बालसिंह, अर्जुन, रामसेवक, गुलकंदी, रामचरण सहित अन्य मौजूद रहे।

## डॉ. राकेश चाहर होगें खेलो इण्डिया यूनीवर्सिटी गेम्स बॉक्सिंग में तकनीकी अधिकारी

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर,(घनश्याम अवस्थी)।** भारत सरकार एवं भारतीय खेल प्राधिकरण और राजस्थान सरकार एवं राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा 5वें खेलो इण्डिया यूनीवर्सिटी गेम्स के अन्तर्गत 01 से 05 दिसम्बर तक भरतपुर के लोहागढ स्टेडियम में होने वाली बॉक्सिंग प्रतियोगिता में इण्डियन बॉक्सिंग फेडरेशन के थ्री स्टार क्वालीफायड रिंग ऑफिशियल डॉ. राकेश चाहर तकनीकी अधिकारी (रिंग ऑफिशियल) रैफरी जज होंगे। डॉ. राकेश चाहर को राजस्थान बॉक्सिंग संघ की संस्तुति पर बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा खेलो इंडिया यूनीवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजन हेतु तकनीकी अधिकारी (रिंग ऑफिशियल) रैफरी-जज मनोनीत किया गया है। सैनिक स्कूल चित्तौडगढ के पूर्व छात्र एवं भरतपुर बॉक्सिंग संस्थापक डॉ. राकेश चाहर पूर्व में खेलो इण्डिया यूथ गेम्स, नेशनल गेम्स, विद्यालयी एवं विश्वविद्यालयी नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं के साथ ऑल इण्डिया पुलिस बॉक्सिंग, सर्विसेज, आई.पी.एस.सी. और विभिन्न वर्गों की ओपन नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में भी बतौर रिंग ऑफिशियल (रैफरी-जज) अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। पूर्व में राकेश चाहर को बेस्ट रैफरी-जज अवार्ड मिल चुके हैं।

## डॉ. गर्ग ने विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में की शिरकत

### बिलौठी पंचायत के विद्यालय में डीपबोर लगवाने की डॉ. गर्ग ने की घोषणा

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर,( घनश्याम अवस्थी )।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने मंगलवार को भरतपुर दौरे के दौरान विभिन्न शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की। जहां उनका क्षेत्र के लोगों ने स्वागत सत्कार किया।

डॉ. गर्ग ने भरतपुर दौरे के प्रथम दिन गांव तुहिया, त्यौंगा, चिकसाना सहित अन्य गांव व शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर वैवाहिक समारोह में उपस्थित होकर वर वधुओं को आशीर्वाद देकर उनके सुखद दांपत्य जीवन व्यतीत करने की कामना की। उन्होंने नगला बिलौठी और बिलौठी गांव में भी पहुंचकर ग्रामीण सरदारी से क्षेत्र के विकास को लेकर भी चर्चा की तथा समस्याओं को भी जाना। इस दौरान डॉ. गर्ग ने बिलौठी पंचायत के विद्यालय में डीपबोर कराने की घोषणा की। डॉ. गर्ग के ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचने पर गांव के लोगों ने साफा, माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया। डॉ. गर्ग ग्रामीणों को क्षेत्र का निरन्तर विकास कराने का भरोसा दिलाते हुये समस्याओं का शीघ्र ही समाधान कराने का विश्वास दिलाया। उन्होंने रणजीत नगर कार्यालय पर भी लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान कराने का विश्वास दिलाया तथा सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से उनकी समस्याओं का समाधान कराने के लिये निर्देशित किया।

## जरूरतमंद रोगियों को निशुल्क चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना पुनीत कार्य -दो गजेंद्र पाल सिंह

### पास्ता में स्वर्गीय रामस्वरूप पहलवान की स्मृति में शिविर में 788 रोगियों की करी गई निशुल्क जांच और चिकित्सा

बढ़ता राजस्थान



**डीग ( नि.स. )।** डीग के गांव पास्ता में मंगलवार को निशुल्क जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें चिकित्सकों द्वारा 788 रोगियों की निशुल्क जांच कर दवाइयां दी गई। चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करते हुए डीग के राजकीय जिला चिकित्सालय के प्रभारी डॉ गजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि गांव नाहरोली निवासी स्व रामस्वरूप पहलवान सरल सहृदय समाज सेवी थे जो जीवन पर्यन्त गरीब और जरूरत मंद लोगों की सहायता और सेवा में जुटे रहे।चिकित्सा शिविर के माध्यम से गावों में जरूरतमंद रोगियों को निशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना पुनीत कार्य है। ऐसे चिकित्सा शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक आयोजित की जानी चाहिए। शिविर में फिजिशियन डॉ गजेंद्र पाल सिंह, महिला रोग चिकित्सक डॉ निर्मला फौजदार, बाल रोग चिकित्सक डॉ हेमराज गुर्जर, डॉ प्रशांत चौधरी, दंत रोग चिकित्सक डॉ यशपाल सिंह, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ रविंद्र सिंह, फिजियोथैरेपिस्ट डा नरेंद्र चौधरी और लैब टेक्नीशियन मुकेश चौधरी द्वारा 38 रोगियों की ईसीजी, 49 की लिपिड प्रोफ़ाइल, 31 की एचवीवनएसी, 201 शुगर, 42 की स्पेरमेट्री और 29 रोगियों की एनसीवी की जांचे कर दवाइयां दी गई।

एसआईआर कार्य में उल्लेखनीय कार्य करने वाले बीएलओ हुए सम्मानित

## स्वास्थ्य, सीमाओं और संघर्षो से जूझते हुए भी जमीन पर डटे रहे बीएलओ-डीईओ

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** जिले में चल रहे विशेष सक्षिप्त गहन पुनरीक्षण-2026 एसआईआर के दौरान जिला केवल आंकड़ों में ही नहीं, जज्बे और जिम्मेदारी में भी अग्रणी जिलों में शामिल हुआ है। यह उपलब्धि किसी संयोग का परिणाम नहीं-यह उन बीएलओं (बूथ लेवल अधिकारियों) की अथक मेहनत, इच्छाशक्ति और कर्तव्यपरायणता की कहानी है जो अपने स्वास्थ्य, सीमाओं और संघर्षों से जूझते हुए भी जमीन पर डटे रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने बताया कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान में आज हम आपको बताएंगे जिले के उन बीएलओ के बारे में जिनके हौसले आसमान से भी बुलंद है। जिले के 73 बीएलओं एवं 2 बीएलओ सुपरवाईजर ने 25 नवम्बर तक ही शत-प्रतिशत ऑनलाइन अपडेट कर एक मिसाल कायम की।

अपनी व्यक्तिगत परिस्थितियों को पीछे छोड़, नागरिक जिम्मेदारी को सर्वोपरि रखने का यह उदाहरण आज पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बन गया है। उन्होंने बताया कि जिले के 77-विधानसभा क्षेत्र बसेड़ी के भाग संख्या 75 के बीएलओ अतर सिंह एवं भाग संख्या 94 के बीएलओ सत्येन्द्र सिंह, 78-विधानसभा क्षेत्र बाड़ी के भाग संख्या 99 के बीएलओ नरेन्द्र शर्मा, भाग संख्या 106 के बीएलओ विजय सिंह, भाग संख्या 112 के बीएलओ सतेन्द्र सिंह, भाग संख्या 115 के बीएलओ जयसिंह, भाग संख्या 123 के बीएलओ अतुल कुमार प्रजापति, भाग संख्या 137 के बीएलओ नवल गिरि, भाग संख्या 142 के बीएलओ एशवीर सिंह, भाग संख्या 143 के बीएलओ श्रीकांत, भाग संख्या 156 के बीएलओ संजीत कुमार, भाग संख्या 158 के बीएलओ मुरारीलाल, भाग संख्या 171 के बीएलओ लोकेश कुमार, भाग संख्या 218 के बीएलओ आमिर खान, भाग संख्या 232 के बीएलओ देवेन्द्र कुमार, भाग संख्या 233 के बीएलओ जितेन्द्र सिंह, भाग संख्या 250 के बीएलओ हरमेन्द्र सैनी एवं भाग संख्या 261 के बीएलओ अमृत लाल, 79-विधानसभा क्षेत्र धौलपुर के भाग संख्या 147 के बीएलओ रजवीर सिंह तथा 80-विधानसभा क्षेत्र राजाखेड़ा के भाग संख्या 201 के बीएलओ भूपेन्द्र कुमार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओं के परिगणना प्रपत्रों को शतप्रतिशत डिजिटाइज कर राष्ट्रीय महत्व के कार्य में उल्लेखनीय योगदान करने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन द्वारा भेजे गए प्रशस्ति पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी द्वारा देकर सम्मानित और प्रोत्साहित किया।

## पेट्रोल लीक व आग पर काबू पाने का किया मॉकड्रिल

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर,( घनश्याम अवस्थी )।** मोरोली कला भरतपुर में रेवाडी से कानपुर जा रही हिंन्दुस्तान पेट्रोलियम की पाइप लाइन पर पेट्रोल लीक व आग पर काबू पाने का मॉकड्रिल किया गया। मॉकड्रिल के मुख्य अतिथि उप जिला अधिकारी भारती गुप्ता रहीं। भरतपुर के ग्राम मोरोली कला के निकट मंगलवार को रेवारी कानपुर पाइपलाइन पर तेल रिसाव का नियंत्रण व पास में रखे कूडे करकट में अचानक आग पर काबू पाने का मौकड्रिल किया गया। कम्पनी के उप महाप्रबन्धक स्टेशन सुदीप घोष ने मौकड्रिल के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि कम्पनी द्वारा कभी भी कोई काम रात के समय नहीं किया जाता। अगर रात में कोई कार्य किया जाता है तो संबंधित थानाऔर कम्पनी के नियंत्रण कक्ष के नम्बर 7217042676 पर फोन करें और उस कार्य की सूचना दें। सुदीप घोष ने पाइप लाइन से जुडे फायदों के साथ साथ खतरों केक बारे में भी अवगत कराया। उप जिला अधिकारी सुश्री भारती गुप्ता ने बताया कि यह राष्ट्र् की सम्पत्ति है, अगर कीाी भल लाइन में किसी भी प्रकार की परेशानी आती है तो नजदीकी पुलिस थाने एवं 112 पर सूचना करदें। इस दौरान हिंन्दुस्तान पेट्रोलियम कोरपोरेशन लि. के कनिष्क वर्मा, विशाल अग्रवाल, शैलेश कुमार निमेकर, मोहित कुमार, रोविन कुमार नाहर सिंह आदि उपस्थित रहे।

बिजली चोरों के खिलाफ डिस्कॉम का अभियान जारी

## दो दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा, साढ़े सात लाख का जुर्माना

### बिजली चोरी के डाली गई 300 केबिलो को किया जप्त



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जयपुर विद्युत वितरण निगम के डिवीजन अधिकारी गोविंद सिंह के निर्देश पर डिस्काम की टीम द्वारा लगातार विद्युत चोरों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। उक्त अभियान के तहत पिछले दो दिन में शहरी क्षेत्र में दो टीमों ने विद्युत चोरों के खिलाफ कार्रवाई की है। जिसमें दो दर्जन से अधिक लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया है। जिनके खिलाफ वीसीआर भरने के साथ करीब साढ़े सात लाख रुपए का जुर्माना किया है। वही चोरी से बिजली लेने के लिए डाली गई 300 बिजलीं केबिलो को टीम ने जप्त किया है। डिस्काउंट के सहायक अभियंता आरडी मीणा ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कनिष्क अभियंता सिटी जगदीश मीणा,कनिष्क अभियंता ग्रामीण कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में दो टीमों ने पिछले दो दिन में शहर के कई स्थानों पर कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में 25 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया है। सभी लोगो के खिलाफ वीसीआर यानी सतर्कता जांच प्रतिवेदन तैयार करते हुए करीब साढ़े सात लाख रुपए का जुर्माना किया है। यह कार्रवाही शहर के रेलवे लाइन,सिटी रोड,बसेड़ी रोड,संत नगर रोड,सरमथुरा रोड एवं धनोरा रोड के साथ कुछ मोहल्लों में की गई है। कार्रवाई के दौरान बिजली चोरी के लिए डाली गई 300 बिजलीं केबिलो भी टीम ने जप्त किया है। डिस्काम के अधिकारियों ने नागरिकों से निवेदन किया है की वे मुख्य धारा से जुड़ते हुए बिजली कनेक्शन ले और निर्बाध रूप से बिजली का उपयोग करें। बिजली चोरी करते हुए पाए जाने पर न केवल वीसीआर भरी जाएगी बल्कि कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 57 बीएलओ को किया सम्मानित

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ से अनुभव जानकर किया उत्साहवर्धन तथा अन्य बीएलओ को एसआईआर कार्य में सहयोग देने के लिए किया प्रेरित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में एसआईआर के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य कर शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन करने वाले 57 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित और प्रोत्साहित किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों में परिगणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण, डिजिटलीकरण कार्य बीएलओ द्वारा पारदर्शिता और दक्षता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य करने वाले 57 बीएलओ को आज सम्मानित किया गया है, आज सम्मानित होने वाले । उन्होंने बीएलओ से शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन के लिए उनके द्वारा किए गए विशेष प्रयासों के बारे में फीडबैक लेकर उनके अनुभव जाने तथा अपने अन्य साथियों को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस पहल का अत्यंत सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। सम्मानित बीएलओ एक प्रेरणास्रोत के रूप में उभर रहे हैं और उनके काम को देखकर अन्य बीएलओ भी अपने कार्यों में अधिक गंभीरता, पारदर्शिता और दक्षता ला रहे हैं। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले बीएलओ से आह्वान किया कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र के अन्य बीएलओ का उक्त कार्यों में सहयोग करें। सभी मिलकर कार्य करेंगे तो जिले में एसआईआर कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व विशेष गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची में अब साधारण जानकारी के आधार पर नाम खोजने का विकल्प मुहैया करवाया गया है, जिससे मतदाताओं को अपना नाम खोजने और परिगणना प्रपत्र भरने में और अधिक सहजता मिलेगी। निर्वाचन विभाग द्वारा साथ ही मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने हेतु ऑनलाइन विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। मतदाता स्वयं अपना परिगणना प्रपत्र ीज जचेरूध्ध्अवजमतेण्मबपण्हवअ ण्पदध् पर जाकर अथवा प्रदान किए गए फत् ब्वकम को स्कैन कर ऑनलाइन भर सकते हैं। इस दौरान चुनाव शाखा के अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

# सीए ब्रांच द्वारा सुपर मेगा कॅरियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया की कॅरियर काउंसलिंग कमेटी द्वारा सुपर मेगा कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम अखिल भारतीय स्तर पर 27 नवम्बर गुरुवार को एक साथ सभी सीए ब्रांचो द्वारा आयोजन किया जा रहा है।

ब्रांच चेयरमैन सीए नितिन गुप्ता ने बताया कि अलवर सीए ब्रांच द्वारा सुपर मेगा कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम प्रताप ऑडिटोरियम में प्रातः 10 बजे किया जायेगा, जिसमे मुख्य वक्ता सीए आशीष सचदेव, जयपुर द्वारा 9वीं से 12वी के छात्र-छात्राओं को सीए कोर्स व कॉमर्स के अन्य कोर्सों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी । इस कॅरियर काउंसलिंग प्रोग्राम में अलवर के लगभग 15 स्कूलो से 1000 छात्र- छात्राएं हिस्सा लेंगे ।

## उपकार

अंकुर जब घर आया तो उसने बताया कि पापा जिस साईकिल वाले से वो स्कूल जाते समय साईकिल में हॅवा भरवाता था आजकल वो बीमार सा रहने लगा है, बूढ़ा भी हो गया है और बस बैठा ही रहता है। उसके परिवार जन भी शायद उसकी कुछ मदद नहीं करते।

अंकुर आजकल खुद का बिजनेस करने लग गया है। उसे साईकिल वाले को देखते ही अपने स्कूल के दिनों की याद ताजा हो गई। वो पापा से बोला कि पापा मैं उसे कुछ खाने पीने का सामान देकर आऊंगा मेरा मन कर रहा है। पापा भी अपने बेटे की भावना को समझते थे इसलिए मुस्कुरा कर हांमी भर दी। अंकुर गया और उस साईकिल वाले बाबा के लिए काफी सारा सूखा राशन और बिस्किट व व ज्यूस के डिब्बे लेकर पहुँचा। बाबा को दिए और बताया कि बाबा मैं तकरीबन पंद्रह साल पहले आपके पास साईकिल में हॅवा भरवाकर ले जाया करता था। बाबा भी युवक अंकुर की आँखों में उसके लिए उपकार की भावना को पढक़र मुस्कुरा दिए। अंकुर ने दूसरे दिन फिर घर पर मम्मी पापा को कहा कि मैं अब हर महीने बाबा को कुछ ना कुछ देकर आया करूंगा। 23 दिन बाद अंकुर ने फिर वही सामान खरीदा और बाबा की दुकान पहुँचा जहां दुकान बंद थी आसपास पता करने पर पता चला कि बाबा तीन दिन पहले ही गुजर गए। अंकुर आवाक सा रह गया ,, बेबस सा हो गया। सारा सामान उसकी दुकान पर रखा और घर आ गया। घर अंकुर के पापा ने उसे उदास देखकर पूछा कि क्या हुआ। अंकुर रूंआसा सा होकर बोला कि पापा हॅवा वाले बाबा इस दुनियां में नहीं रहे। मैं आज सामान लेकर गया तो पता चला कि तीन दिन पहले ही वे दुनिया छोडकर चले गए हैं। अपनी मटमी से बोला मां मैं उनके लिए कुछ उपकार भी नहीं कर पाया तो मां बोली बेटा आज के इस भागदौड़ और भौतिकवादिता के जीवन में जहां लोग अपनों को देखकर मुँह मोड़ रहे हैं किसी अजनबी के लिए इतना सोचना भी उपकार ही है। कोई देख नहीं रहा लेकिन ईश्वर एक लाख आँखों से तेरा उस बाबा के प्रति उपकार के भाव को देख रहे हैं।

**पद्मश्री गुलाबो ने कालबेलिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से बिखेरी राजस्थानी संस्कृति की छटा**

# मत्स्य उत्सव के तीसरे दिन राजस्थानी फोक सांस्कृतिक कार्यक्रम मूसी महारानी की छतरी पर हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान









**अलवर।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय मत्स्य उत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज सांय को मूसी महारानी की छतरी पर राजस्थानी फोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

जिला कलक्टर ने कहा कि मत्स्य उत्सव के अवसर पर आयोजित किए जा रहे सभी कार्यक्रमों में आमजन बढचढकर भाग लेकर कार्यक्रमों को सराह रहे हैं तथा सभी कार्यक्रमों में अलवरवासियों का भारी उत्साह नजर आ रहा है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि सभी कार्यक्रमों में अपनी अधिक से अधिक सहभागिता दर्ज कराकर उन कार्यक्रमों को सफल बनाकर कलाकारों की हौसला-अफजाई करें।

कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न स्थानों से आए कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति दी, जिसमें देश की विख्यात पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त गुलाबो द्वारा प्रस्तुत कालबेलिया नृत्य ने मत्स्य उत्सव की सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय मंच पर और भी भव्यता प्रदान की।

इसके साथ ही प्रदेश के अन्य स्थानों से आए फोक कलाकार मुरारी सेन ने कथक नृत्य, राखी द्वारा केसरिया बालम आओ नी पधारो म्हारे देश के साथ चरी नृत्य, नीम्बूडा, घूमर आदि गीतों पर कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस दौरान बडी संख्या में युवाओं एवं आमजन ने अपनी सहभागिता निभाते हुए ना केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम को सराहा, बल्कि तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री सोहन सिंह नरूका, यूआईटी के भूमि अवाप्ति अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह नरूका, पर्यटन विभाग की उप निदेशक श्रीमती टीना यादव, डॉ. एस.सी मित्तल सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# अहमदाबाद से दिल्ली जा रही बस ट्रक में घुसी, 31 घायल, दो की मौत

बढ़ता राजस्थान



दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा

**राजगढ़ (अलवर)।** दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब अहमदाबाद से दिल्ली जा रही यात्री बस ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार गई। हादसा राजगढ़ थाना क्षेत्र के पिनान कट के पास हुआ और टक्कर इतनी भयानक थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया दुर्घटना में कुल 31 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से दो यात्रियों की मौत हो गई। हादसे में कुल 36 लोग सवार थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल 8 से 10 यात्रियों को अलवर जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि बाकी घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है। जानकारी के अनुसार ट्रक नूंह की ओर जा रहे थे, तभी टायर पंक्चर हो जाने से ट्रक को सड़क किनारे खड़ा करना पड़ा। इसी दौरान तेज रफ्तार में आ रही अहमदाबाद–दिल्ली रूट की बस ट्रक में जा घुसी। बस की रफ्तार इतनी तेज थी कि यात्रियों के चीखने-चिल्लाने की आवाज दूर तक सुनाई दी। ट्रक खलासी हारून पुत्र अब्दुल निवासी नूंह और बस के कंडक्टर रोशन(30) निवासी कोटपूतली की मौके पर मौत हो गई। बस में सवार शब्बीर, हारुन, अकरम, रमेश, कार्तिक, सुधाकर, रघुनाथ, राजेश परमार, जाहुल सहित कई यात्रियों को गहरी चोटें आई हैं। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा। पुलिस ने दोनों वाहनों को हटवाकर एक्सप्रेस-वे पर यातायात बहाल किया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है।

# महिला सुरक्षा एवं अधिकारों को लेकर आयोजित हुई बैठक



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** मंगलवार को महिला अधिकारिता विभाग द्वारा महिला सुरक्षा और अधिकारों पर बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कार्यालय परिसर में हुई, जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जागरूक करना था। बैठक में महिला विशेषज्ञों ने सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। पर्यवेक्षक अभिलाषा ने घरेलू हिंसा और लिंग आधारित हिंसा के कारणों तथा उनकी रोकथाम के उपायों पर उपयोगी जानकारी साझा की। राजगढ़ पुलिस थाना के महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र से जुड़ी एडवोकेट उषा ने महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा के संबंध में कानूनी जानकारी और सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने महिलाओं को जीवन में आने वाली व्यावहारिक और सैद्धांतिक समस्याओं से अवगत कराया।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं को आत्मरक्षा से संबंधित कानूनी सलाह भी दी गई। बैठक में महिलाओं ने सक्रिय रूप से प्रश्न पूछे, जिससे यह सत्र अधिक संवादात्मक बन गया।

इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं और महिला अधिकारिता विभाग से जुड़ी महिला कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

**GSE प्रोग्राम के तहत भारत भ्रमण पर आया है प्रतिनिधिमंडल**

# अमेरिका से पधारे रोटरी प्रतिनिधि दल ने मत्स्य उत्सव में की शिरकत

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.सं.)।** अमेरिका से पाँच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जो की रोटरी के एक प्रोग्राम GSE के तहत भारत भ्रमण पर आया हुआ है, दिन में अलवर पहुँचा जिसको अलवर के सभी क्लबों के प्रतिनिधियों ने मिलकर रोटरी सर्किल पर पहुँच कर स्वागत किया। तत्पश्चात उनका स्वागत एवं अभिनंदन मोती डूंगरी स्थित फ़ूड रिपब्लिक पर राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा पहनाकर एवं ढोल बाजों के साथ किया गया। जिसमे पूर्व प्रांतपाल क्रांति मेहता, राजकुमार भूतोरिया, पवन खंडेलवाल, सहायक प्रांतपाल अलका सिंह, सचिन गोयल सहित क्लब अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल, प्रवीण जैन, पंकज अग्रवाल, पंकज तनेजा, नीतू गोगिया आदि उपस्थित रहें। रोटरी एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो 206 देशों में मानव सेवा के लिए कार्यरत है। रोटरी की स्थापना वर्ष 1905 में शिकागो, अमेरिका में हुई थी। रोटरी के अलवर में वर्तमान 8 क्लब के माध्यम से 500 सदस्य हैं। पोलियो उन्मूलन में रोटरी ने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत को सन् 2013 में पोलियो मुक्त घोषित किया गया और इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री ने दिल्ली में रोटरी इंटरनेशनल के अध्यक्ष को उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया था। रोटरी इंटरनेशनल के अनेक कार्यक्रमों में से ग्रुप स्टडी एक्सचेंज (GSE) एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत विश्वभर के विभिन्न रोटरी जिलों के रोटेरियन एक-दूसरे के जिलों का दौरा कर उनकी संस्कृति और विरासत को जानते एवं समझते हैं।

इसी क्रम में अमेरिका के जिला 6490 के रोटेरियन हमारे जिला 3053 का दौरा कर रहे हैं। जीएसई टीम 18 नवंबर को भारत आए और अपने एक माह के दौरे के दौरान भिवाड़ी, अलवर, भरतपुर, जोधपुर, बीकानेर, ग्वालियर, अजमेर और पुष्कर का भ्रमण करेंगे। वे 25 से 28 नवंबर तक अलवर में रहेंगे, जहाँ हम उन्हें अलवर उत्सव, रोटरी ब्लड बैंक, स्किल डेवलपमेंट सेंटर, उद्योगों का दौरा (ताकि वे हमारे कार्य-संस्कृति को समझ सकें) और एक विवाह समारोह में ले जाएंगे ताकि वे हमारी रिवायतों और उत्सवों को जान सकें। अलवर से वे 28 नवंबर को धौलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। आज अपने दौरे के दौरान मत्स्य उत्सव में उन्होंने सागर पर हस्तकला प्रदर्शनी एवं फ़ूड स्टाल विजिट की तथा मूसी महारानी की छतरी पर भारतीय हस्तकला को देखकर हतप्रभ रह गए।

भारत दौरे के दौरान जिला 6490 के सभी 5 रोटेरियन, यहाँ जिला 3053 के रोटेरियन सदस्यों के घरों में रहकर हमारे जीवन-शैली, संस्कृति और परंपराओं को नज़दीक से समझेंगे। जिला 6490 से आने वाले 5 रोटेरियन टीम लीडर गुलशन भायना, मिशेल हिल, डगलस डेविड, रोजर वाडे, बलवंत सिंह आदि ने अलवर का दौरा किया।

इस पूरे कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, उनके आरामदायक प्रवास एवं अलवर की गौरवशाली विरासत और संस्कृति से परिचित कराने की जिम्मेदारी कार्यक्रम समन्वयक रोटेरियन अमित श्यामसुखा एवं रोटेरियन मनीष भाटिया द्वारा संभाली जाएगी तथा अतिथियों को ठहराने की व्यवस्था रोटेरियन के के खंडेलवाल, नीलू जैन, गोपी साधवानी, रघुवीर यादव, ओमवीर सिंह, रविश गोयल आदि करेंगे।

# नरेश मीणा बोले- मेरे खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज हुई

## पुलिस दबाव में काम कर रही; ओम बिरला पर किसानों की जमीन हड़पने का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**टोंक।** अंता (बारां) विधानसभा उपचुनाव में हारे नरेश मीणा एक बार फिर से विवादों में हैं। उन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम भजनलाल शर्मा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी व भड़काऊ भाषण के आरोप में करौली के सपोटरा थाने में रविवार को एफआईआर दर्ज की गई। हालांकि नरेश मीणा का कहना है कि यह मामला झूठा है। उन्होंने कहा- जिस व्यक्ति पर दबाव बनाकर एफआईआर दर्ज कराई गई है, उसने खुद सोशल मीडिया पर आकर कहा है कि मैंने यह रिपोर्ट नहीं दी हैं, यह झूठी है, नरेश मीणा पर कार्रवाई नहीं की जाए।

### पुलिस पर मेरे खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव

नरेश मीणा का कहना है- पुलिस पर दबाव है कि नरेश मीणा पर कार्रवाई की जाए। उसके लिए जब भी पुलिस कहेगी तो मैं समर्पण करने के लिए तैयार हूं। लेकिन लोगों पर होने वाले अत्याचार, अन्याय के लिए लड़ता रहूंगा। नरेश मंगलवार को टोंक के नगरफोर्ट थाने स्थ्ररूको थप्पड़ मारने के मामले में मिली जमानत की शर्त के तहत उपस्थिति देने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने से मीडिया से बातचीत कीं। उन्होंने बिहार के विधानसभा चुनावों में विपक्षी पार्टियों द्वारा वोट चोरी का आरोप लगाने पर कहा- अंता में भी मेरे चुनाव में वोट चोरी हुआ है। जो बीजेपी ने बिहार में किया, वो ही काम मेरे चुनाव में भी हुआ।

# मंत्री खर्रा बोले-कांग्रेस चाहती है बिना आरक्षण चुनाव हो

## विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप, वे चाहते हैं कि ओबीसी को प्रतिनिधित्व नहीं मिले

बढ़ता राजस्थान

**लक्ष्मणगढ़ (सीकर)।** नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि बिना ओबीसी आरक्षण के नगरीय निकाय चुनाव हों। दरअसल मंत्री झाबर सिंह खर्रा सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर मंगलवार को सीकर के लक्ष्मणगढ़ में आयोजित जिलास्तरीय 'सरदार ञ्च150 यूनिटी मार्च' में पहुंचे थे। इस दौरान मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर सरकार का पक्ष रखा। साथ ही विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा- सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला है कि जब तक राज्य पिछड़ा आयोग निकायवार अन्य पिछड़ा वर्ग के आंकड़े एकत्रित नहीं कर लेगा और फिर ग्रामीण क्षेत्र में पंचायतवार अन्य पिछड़ा वर्ग के आंकड़े एकत्रित नहीं कर लेगा, तब तक आप ओबीसी वर्ग के आरक्षण का निर्धारण नहीं कर सकते हैं।

खर्रा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा-कांग्रेस और विपक्षी दल ये चाहते हैं कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को नगरीय निकाय और पंचायत राज में प्रतिनिधित्व नहीं मिले। बिना आरक्षण के चुनाव हों। इसलिए वे अनावश्यक बयानबाजी करके माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं।

# जूली बोले-निकाय-पंचायत चुनाव की हार से बचने एसआईआर करवा रहे

## नेता प्रतिपक्ष ने कहा- अंता की हार ने चीफ सेक्रेट्री, सीएम के एसीएस को बदलवाया, मंत्रिमंडल भी बदलेगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार और बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा है कि अंता के रिजल्ट इस सरकार के लिए इतने खतरनाक साबित हुए हैं कि चीफ सेक्रेटरी भी बदल दिया। साथ ही मुख्यमंत्री का प्रिंसिपल सेक्रेटरी भी बदल दिया गया। इससे आप समझ सकते हैं कि एक परिणाम क्या-क्या चेंज करवा सकता है। अभी तो इनका मंत्रिमंडल भी बदला जाएगा। जूली ने कहा- भारतीय जनता पार्टी के लोग चर्चाएं कर रहे थे कि अंता का चुनाव सेमीफाइनल है। अपने भाषणों में कह रहे थे कि इसके आधार पर 2028 का फाइनल लड़ा जाएगा तो जनता ने भारतीय जनता पार्टी को वहां आइना दिखा दिया। अब इनको समझ में आ जाना चाहिए और आ भी गया है। जूली जयपुर में विधानसभा के बाहर मीडिया से बात कर रहे थे।

### पिछली सरकार की योजनाओं के नाम बदले

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- दो साल से ये लोग जनता को खून के आंसू रुला रहे हैं। यह न जनता के हैं, न युवा के हैं, न किसान के हैं। किसान की फसल चौपट हुई पड़ी है। किसान रो रहा है, कोई सुनने वाला नहीं है। क्या सरकार का यही काम है कि पिछली सरकार की योजनाओं का नाम बदल दे, योजनाओं को बंद कर दें या फिर उद्योगपति मित्रों को जमीनों की बंदरबांट करें इन सब चीजों को देखते हुए जनता ने भाजपा को आइना दिखा दिया है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- पंचायती राज और नगर निकाय की हार से बचने के लिए ये एसआईआर करवा रहे हैं।

# गहलोत साहब अधिकारी सरकार का होता है, न हमारा न आपका : सीएम



बढ़ता राजस्थान

**पाली।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- अशोक गहलोत का एक बयान आया। हमारे समय में जो अधिकारी लगे थे, उन्हें लगा रहे हैं। गहलोत साहब अधिकारी सरकार का होता है, आपका नहीं होता। हमारा भी नहीं होता। मैं आपसे पूछना चाहता हूं। मुझे पता है आप इसका जवाब जरूर देंगे। आपने युवाओं के सपनों को रौंदने का काम किया है। 19 में से 17 पेपर लीक हुआ थे। आज भी वही अधिकारी है आज एक भी पेपर लीक हुआ हो तो बताइए। पिछली कांग्रेस सरकार में पेपर लीक होते थे। नेताओं के बेटे-बेटियों की नौकरी लगती थी। अब गरीब-किसान के बेटे बेटी पास हो रहे हैं। पिछली सरकार में 19 में से 17 पेपर लीक हुए थे। अब एक भी पेपर लीक हुआ हो तो बताएं।

### पहले नेताओं के रिश्तेदार पास होते थे

सीएम शर्मा ने कहा- अभी आरएएस एग्जाम का रिजल्ट आया है। गांव के गरीब किसान और मजदूर का बेटा पास हुआ है। आपके (गहलोत) समय में पहले नेताओं के रिश्तेदार पास होते थे। ये अंतर आपको देखना पड़ेगा। गरीब किस तरह से बच्चे को पढ़ाता है, क्या-क्या परेशानी झेलता है। कांग्रेस ने आमजन के सपनों को तोड़ने का काम किया। हमने सपनों को साकार करने का काम किया है। यहां पढ़ने वाले छात्रों को जब इतनी सुविधाएं मिलेंगी, तो वह आगे जाकर हमेशा इसे याद करेंगे। मुख्यमंत्री एक दिन के पाली जिले के दौरे पर रहे। मंगलवार सुबह वे हेलिकॉप्टर से चामुंडेरी राणावतान गांव (बाली) पहुंचे। यहां उन्होंने भामाशाह जोजावरा सोनी परिवार की ओर से 2 करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बनाई गई सोनी सीता देवी पत्नी उम्मेदमल राजकीय बालिका उमावि चामुंडेरी राणावतान का लोकार्पण किया।

### नेतरा गांव में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में लिया हिस्सा

मुख्यमंत्री ने सुमेरपुर क्षेत्र के नेतरा गांव में आशापुरा गोशाला में मीरा माधव सरकार प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने गौ माता का पूजन किया। इसके बाद संतों से आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा- गोमाता के लिए हमारी सरकार लगतार कार्य कर रही है। गोशालाओ को गाय व बछड़े के भोजन के लिए 50 व 25 रुपए दिए हैं। गाय के निवाले में कभी भी कमी नहीं रहेगी।

### नेतरा में मुख्यमंत्री बोले - राजस्थान को बना देंगे हरियालो राजस्थान

समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सभी जिलों में घर-घर पेयजल पहुंचाने की योजना शुरू की गई है। दो साल से राजस्थान के सभी बांध भर रहे हैं। जवाई बांध के गेट भी खुले। आने वाले कुछ सालों में राजस्थान को हरियालो राजस्थान बना देंगे।



### गायों को खिलाया गुड, हवन में दी आहुति

पाली जिले के सोजत क्षेत्र के बिलावास गांव मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शाम 4 .20 बजे पहुंचे। उन्होंने गायों को गुड खिलाया, हवन में आहुति भी दी। यहां सोजत बिलावास गौ सेवा समिति की ओर से नवनिर्मित श्रीकृष्ण भगवान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में हिस्सा लिया। यह समारोह सीरवी समाज के धर्मगुरु दीवान माधवसिंह, दीवान गोपालसिंह परमार (बिठोड़ा पीरान), साध्वी प्रफुल्ल प्रभाश्री,साध्वी वैराग्यपूर्णाश्री मौजूद रहीं। इससे पहले यहां गांव में शोभायात्रा निकाली गई। गणपति पूजन और हवन किया गया।

# विदेशी नागरिकों को भी जीवन और व्यक्तिगत स्वंतत्रता का अधिकार

## हाईकोर्ट ने कहा-किडनी ट्रांसप्लांट केस में जेल में बंद बांग्लादेशी नागरिकों के स्टेटमेंट प्रमुखता से रिकॉर्ड करें

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि भारत में किसी भी व्यक्ति को बिना कानूनी प्रक्रिया के उसके जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जा सकता है। यह अधिकार केवल भारतीय नागरिकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उन विदेशी नागरिकों को भी उपलब्ध है, जो भारत के नागरिक नहीं है। संविधान का अनुच्छेद-21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है। वहीं, निष्पक्ष और त्वरित सुनवाई का अधिकार भी अनुच्छेद 21 का अभिन्न अंग है। जस्टिस अनूप ढंढ की अदालत ने यह आदेश किडनी ट्रांसप्लांट केस में पकड़े गए दो बांग्लादेशी नागरिकों नुरूल इस्लाम और एमडी अहसानुल कोबिर की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

### सरकारी गवाह बनने पर नहीं मिल रही जमानत

दरअसल, किडनी ट्रांसप्लांट केस में जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने 23 अप्रेल 2024 को दोनों बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। दोनों पर आरोप है कि इनके बीच रक्त संबंध नहीं होने के बाद भी इन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट का लाभ लिया। दोनों की ओर से याचिका में कहा गया कि पकड़े जाने के बाद हम सरकारी गवाह बन गए।



# 205 दिन बाद बंद बद्रीनाथ धाम के कपाट

## सेना के बैंड की धुन पर थिरके भक्त; जोशीमठ के नरसिंह मंदिर में होगी शीतकालीन पूजा

बढ़ता राजस्थान

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट आज दोपहर 2:56 बजे शीतकाल के लिए विधि-विधान के साथ बंद कर दिए गए। धाम में सुबह से ही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। कपाट बंद होने से ठीक पहले देश के प्रथम गांव माणा में तैयार किया गया घृत कंबल भगवान बद्रीनारायण को ओढ़ाया गया। परंपरा के अनुसार उद्धव और कुबेर की प्रतिमाओं को भी गर्भगृह से बाहर लाया गया, शीतकालीन प्रवास के दौरान भक्त अब भगवान बद्रीनाथ के दर्शन पांडुकेश्वर स्थित योगध्यान बदरी में कर सकेंगे। कपाट बंदी की प्रक्रिया के दौरान गढ़वाल राइफल्स का बैंड भी तैनात रहा, जिसने परंपरा के अनुसार अंतिम धुनें बजाई। जिसमें मंदिर परिसर में खड़े श्रद्धालु खूब थिरक। जय बद्रीविशाल और जय बद्रीनाथ के जयकारे गूंजते रहे। इस खास अवसर पर मंदिर को 12 क्विंटल गेंदे को फूलों से सजाया गया। इस सीजन 16 लाख 50 हजार से यादा लोग बद्रीविशाल के दर्शन करने पहुंचे हैं।

# तमिलनाडु में एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में छठी याचिका

**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में 4 नवंबर से स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया चल रही है। तमिलनाडु में भी हो रही एसआईआर प्रक्रिया को मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम पार्टी प्रमुख वाइको ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, जिस पर कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। वाइको ने कहा कि राज्य की यह रिवीजन प्रक्रिया कई नियमों और लोगों के मूल अधिकारों का उल्लंघन करती है। कोर्ट इस मामले में अगली सुनवाई 2 दिसंबर को करेगा। तमिलनाडु में वाइको की याचिका के अलावा DMK, CPI(M), एक्टर विजय की पार्टी TVK, सांसद थोल थिरुमावलवन और विधायक सेल्वापेरुंथगई भी एसआईआर प्रक्रिया का विरोध कर चुके हैं।

# पीएम कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर पर आरती में शामिल हुए

## शहीदी दिवस समागम में सिक्का जारी किया, बोले- नया भारत डरता और रुकता नहीं

बढ़ता राजस्थान



**कुरुक्षेत्र (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (25 नवंबर) हरियाणा दौरे पर रहे। कुरुक्षेत्र में उन्होंने ज्योतिसर अनुभव केंद्र का लोकार्पण और पाञ्चजन्य शंख स्मारक का शुभारंभ किया। इसके बाद पीएम श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर हो रहे समागम में पहुंचे। उन्होंने श्री गुरु तेग बहादुर जी को समर्पित किताब का विमोचन किया और सिक्का भी रिलीज किया।

यहां पीएम ने कहा- गुरु तेग बहादुर जी भी सत्य और न्याय को अपना धर्म माना और इसकी रक्षा के लिए अपने प्राण तक दे दिए। हम न किसी को डराते हैं, न किसी से डरते हैं। यही मंत्र गुरुओं ने दिया। हम शांति चाहते हैं, लेकिन अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करते। ऑपरेशन सिंदूर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। ये पूरे विश्व ने देखा है। नया भारत न डरता है, न रुकता है, आज भारत पूरी शक्ति के साथ आगे बढ़ रहा है। इसके बाद प्रधानमंत्री इंटरनेशनल गीता महोत्सव में शामिल हुए। वहां उन्होंने ब्रह्मसरोवर पर मंत्रोच्चारण के बीच अर्घ्य दिया। साथ ही संध्याकालीन आरती में भी शामिल हुए।

**9 नवंबर 2019 को सबकी प्रार्थना पूरी हुईः** पीएम मोदी ने कहा- पांच-छह साल पहले एक अद्भुत संयोग बना था। साल 2019 में 9 नवंबर को जब राम मंदिर पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आया था, उस दिन में करतारपुर कारीडोर के लिए प्रयास कर रहा था।

# श्रीसांवलिया सेठ के भंडार ने तोड़े रिकॉर्ड

## चार राउंड में ही निकले 36 करोड़ रुपए, गिनती अब भी जारी

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ (मेवाड़) के कृष्णधाम श्रीसांवलिया सेठ जी मंदिर को दान में मिली राशि ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। मंगलवार को केवल चार राउंड की गिनती में 36 करोड़ 13 लाख 60 हजार रुपए निकले हैं। 26 नवंबर को भी दान की गई राशि की गिनती जारी रहेगी। चेक, मनीऑर्डर और ऑनलाइन दान की राशि अभी जोड़ी ही नहीं गई है। इसलिए कुल राशि और बढ़ने की उम्मीद है। साल 2024 में दीपावली के बाद खोले गए 2 महीने के भंडार से 34 करोड़ 91 लाख 95 हजार 8 रुपए प्राप्त हुए थे। अब तक रिकॉर्ड दान राशि इसी को माना जाता है। मंदिर कमेटी के सदस्यों का कहना है कि इस बार दान राशि 40 करोड़ के आंकड़े को भी पार कर सकती है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण

किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने छात्रों को दिलाई संविधान की शपथ

## मणिपाल यूनिवर्सिटी में कहा- विकसित भारत के निर्माण के लिए संविधान की समझ जरूरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर (एमयूजे) में मंगलवार को संविधान दिवस उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हिस्सा लिया। जहां बिरला ने छात्रों को संविधान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. नीति निपुण शर्मा ने यूनिवर्सिटी की अकादमिक उपलब्धियों, वैश्विक स्तर पर छात्रों और पूर्व छात्रों के योगदान और नवाचार की जानकारी साझा की।

### आज के युवाओं की सोच है नेशन फर्स्ट

बिरला ने कहा कि संविधान का सम्मान और पालन हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए संविधान की समझ जरूरी है। नेशन फर्स्ट आज के युवाओं की सोच है और यही सोच देश को आगे बढ़ाएगी। बिड़ला ने बताया कि स्कूलों और यूनिवर्सिटी में संविधान विषयक पाठ्यक्रम शुरू करने की दिशा में संसद कार्य कर रही हैं, जिससे कि नागरिकों में संवैधानिक साक्षरता बढ़ सके।

### जिम्नेशियम का उद्घाटन किया

उन्होंने एमयूजे के विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, नवाचार और वातावरण और शोध क्षमताओं की तारीफ करते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी भविष्य में वैश्विक चुनौतियों का समाधान देने वाला प्रमुख नवाचार केंद्र बनेगी। कार्यक्रम के बाद बिरला ने एमयूजे छात्रावास में अति आधुनिक जिम्नेशियम का उद्घाटन भी किया।



सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों और मूल्यों का पालन भी जरूरी है। वहीं विधायक डॉ. कैलाश चंद वर्मा ने स्थानीय युवाओं को रोजगार और समुदाय विकास में योगदान के लिए एमयूजे की सराहना की।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार